# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


### राष्ट्रपति ने मंच से की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की तारीफ

*राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाने, जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय बनाने और शासकीय योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंच से तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है, और इसकी झलक बस्तर की मुरिया दरबार' जैसी जनजातीय परंपराओं में भी दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़, झारखंड और ओडिशा की जनजातीय विरासत अत्यंत समृद्ध और आपस में जुड़ी हुई है। राष्ट्रपति ने बताया कि उनके कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति भवन में जनजातीय दर्पण संग्रहालय* ▶▶| शेष पेज 6 पर

जनजातीय गौरव दिवस समारोह में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने की शिरकत, छग सरकार के प्रयासों को सराहा


फार्मेसी काउंसलिंग प्रारंभ
B.PHARMACY
ऑनलाइन चॉइस फिलिंग की तिथि
16-11-25 से 25-11-25 तक
श्री रावतपुरा सरकार
इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी कुम्हारी
7222910441
श्री रावतपुरा सरकार ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स
7222910430/72



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹91622/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹111900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹122150/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
anand® Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply




# राष्ट्रपति मुर्मु बोलीं-जनजाति समाज का देश में बड़ा योगदान

## संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि जनजाति समाज का इस देश में बहुत बड़ा योगदान है। आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को आगे बढ़ाने की जरूरत है, क्योंकि यह बेहद खूबसूरत और सुंदर है। ऐसे कार्यक्रमों में मैं जब जाती हूं तो जनजाति परिवार के लोगों से मुलाकात करती हूं। जनजाति महिलाओं से मुलाकात करने पर मुझे गर्व महसूस होता है। स्थानीय स्तर पर भी जनजाति समाज की संस्कृति और उनके विकास को प्राथमिकता से ध्यान देने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने नक्सली उन्मूलन की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया।

देश की प्रथम नागरिक श्रीमती मुर्मु गुरुवार को सरगुजा की धरती से प्रदेश और देशवासियों को यह संदेश दे रही ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ममतामयी राष्ट्रपति की छत्तीसगढ़ पर विशेष कृपा : साय

कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने मंच से देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु की तारीफ की। सीएम श्री साय ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का सौभाग्य है कि राष्ट्रपति ने अपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद इस समारोह में शामिल होकर प्रदेश की गरिमा बढ़ाई है। कुछ दिन पूर्व नक्सल पीड़ित परिवारों से राष्ट्रपति की भेंट का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रत्येक पीड़ति से आत्मीयता से हाल-चाल जानकर अपनी ममतामयी छवि प्रस्तुत की। उन्होंने ▶▶| शेष पेज 6 पर





### छग और ओडिशा के लोगों में रोटी और बेटी का रिश्ता

राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा एक दूसरे लगी हुई है, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के लोगों में रोटी और बेटी का संबंध है। छत्तीसगढ़ के लोग ओडिशा में शादी करते हैं और ओडिशा वाले छत्तीसगढ़ में शादी करते हैं। ओडिशा और छत्तीसगढ़ की दोस्ती बहुत पुरानी है। झारखंड, छत्तीसगढ़ औरओडिशा के जनजाति समाज की विरासत बहुत गहरी है।

### बसंत पंडो से कहा आप भी मेरे पुत्र की तरह

सरगुजा आगमन के दौरान देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने पंडो जनजाति के बसंत पंडो से मुलाकात की। इस दौरान बसंत पंडो से उनका कुशल क्षेम पूछा और उन्हें शॉल भेंट की। बसन्त पण्डो ने राष्ट्रपति को बताया कि भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेंद्र प्रसाद जब वर्ष 1952 में अंबिकापुर आए थे तब वे सिर्फ 8 वर्ष के थे। राष्ट्रपति ने बसन्त पण्डो को गोद लिया ▶▶| शेष पेज 6 पर

छापे के दूसरे दिन कार्रवाई

# आरआई प्रमोशन घोटाले में दो अधिकारी गिरफ्तार



*ईओडब्लू, एसीबी ने वीरेंद्र जाटव तथा हेमंत कौशिक को किया है गिरफ्तार*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पटवारी से राजस्व निरीक्षक (आरआई) भर्ती घोटाला में ईओडब्लू तथा एसीबी ने छापा के दूसरे दिन गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अफसरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अफसर क्षेत्रीय उप आयुक्त भू-अभिलेख में सहायक सांख्यिकी अधिकारी पदस्थ हैं। दोनों को शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर रिमांड हासिल कर पूछताछ की जाएगी। आने वाले दिनों में घोटाला में शामिल अन्य अधिकारियों की गिरफ्तारी संभव है।

ईओडब्लू, एसीबी ने पटवारी से आरआई प्रमोशन घोटाला के आरोप में वीरेंद्र जाटव तथा हेमंत कौशिक को गिरफ्तार किया है। इन पर आरोप है कि वरिष्ठ अधिकारियों को असम्यक लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से परीक्षार्थियों से मोटी रकम लेकर प्रश्नपत्र लीक किया। दोनों के खिलाफ ईओडब्लू तथा एसीबी ने परीक्षा पूर्व प्रश्नों की तैयारी कराने के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य मिलने का दावा किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष हुई पटवारी से आरआई प्रमोशन परीक्षा में बड़े पैमाने पर लेन-देन कर अपने करीबियों को ▶▶| शेष पेज 6 पर

# डीजीपी कांफ्रेंस के लिए तगड़ा सुरक्षा घेरा, एसपीजी की टीम कल पहुंच जाएगी रायपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में आयोजित तीन दिवसीय 60वें डीजी सम्मेलन का 28 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री का एक महीने के भीतर दूसरी बार छत्तीसगढ़ आगमन हो रहा है। उनके प्रवास के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। इलाके में तगड़ा सुरक्षा घेरा डाला जाएगा। खबर है, एसपीजी की टीम 22 नवंबर को रायपुर पहुंच जाएगी। अभी श्री मोदी के रोड शो का कार्यक्रम तय नहीं हुआ है। एसपीजी की टीम के आने के बाद ही इस पर फैसला संभव है। सम्मेलन 28 से 30 नवंबर तक नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में ▶▶| शेष पेज 6 पर

खास खबर



### इन विषयों पर मंथन

पुलिस अफसरों के मुताबिक, सम्मेलन में छत्तीसगढ़ सहित देश के जिन राज्यों में नक्सल गतिविधियां संचालित हो रही हैं, वर्तमान में नक्सल संगठनों की स्थिति तथा खात्मे पर मंथन के साथ आतंकवाद विरोधी प्रयास, ड्रग्स नियंत्रण, साइबर सुरक्षा और सीमा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। खास बात यह है कि इस बार फोकस नक्सल प्रभावित इलाकों पर रहेगा। हाल के महीनों में राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों ने संयुक्त ▶▶| शेष पेज 6 पर

### भोजन की व्यवस्था आईआईएम में

सम्मेलन में शामिल होने वाले पुलिस अफसरों के साथ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी तथा इंटिलिजेंस का सम्मेलन आईआईएम में होगा। बिल्डिंग को सम्मेलन के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। सम्मेलन में शामिल होने वाले अफसरों के लिए मेस की व्यवस्था आईआईएम में की गई है। अफसरों के रुकने की व्यवस्था सरकारी निमोरा स्थित प्रशासनिक एकेडमिक हॉस्टल के ▶▶| शेष पेज 6 पर

**246 पदों के लिए 643 कैंडिडेट्स को बुलाया गया था साक्षात्कार के लिए**

# पीएससी मेरिट में लड़कों का दबदबा, लड़कियां सिर्फ दो, टॉप-टेन में शीर्ष पर देवेश

## देवेश प्रसाद साहू सीजी पीएससी 2024 टॉपर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छग लोक सेवा आयोग ने पीएससी 2024 मुख्य परीक्षाओं के परिणाम गुरुवार देर रात जारी कर दिए। इस बार लड़कों का दबदबा रहा। टॉप-10 में 8 लड़के जबकि सिर्फ 2 लड़कियां हैं। देवेश प्रसाद साहू पहले स्थान पर रहे हैं। पीएससी ने नवंबर 2024 में पीएससी ने 246 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। 17 विभागों में डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार सहित कई पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में आयोजित की गई थी। इसके बाद 26 से 29 जून तक मुख्य परीक्षा आयोजित की गई। मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम 31 अक्टूबर को जारी किए गए। पद से तीन गुना अधिक परीक्षार्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया जाता है। योग्स उम्मीदवारों की उपलब्धता के आधार पर 643 का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया। 10 नवंबर से प्रारंभ हुआ साक्षात्कार 20 नवंबर तक चलर। ▶▶| शेष पेज 6 पर

*पीएससी ने रात 12 बजे जारी किया रिजल्ट, 10 नवंबर से प्रारंभ हुए थे साक्षात्कार*




**टॉप-10**

- 1. देवेश प्रसाद साहू
- 2. स्वप्निल वर्मा
- 3. यशवंत देवांगन
- 4. पोलेश्वर साहू
- 5. पारस शर्मा
- 6. संस्कृति पांडेय
- 7. अंकुश बनर्जी
- 8. सृष्टि गुप्ता
- 9. प्रशांत वर्मा
- 10. सागर वर्मा

**सर्वाधिक 90 पद आबकारी सब इंस्पेक्टर के, डिप्टी कलेक्टर के 7 पद**

राज्य सेवा परीक्षा 2024 के तहत डिप्टी कलेक्टर, उप पुलिस अधीक्षक, छग राज्य वित्त सेवा अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, सहायक संचालक (वित्त विभाग), सहायक संचालक (पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग), सहायक संचालक/जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सहायक संचालक समाज कल्याण विभाग के पद ज्ञापित किए गए थे। इनमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, बाल विकास परियोजना अधिकारी, छग अधीनस्थ लेखा सेवा अधिकारी, नायब तहसीलदार, राज्य कर निरीक्षक, आबकारी उप निरीक्षक, उप पंजीयक, सहकारिता निरीक्षक/सहकारिता ▶▶| शेष पेज 6 पर





भारत के इतिहास में पहली बार जीवन भर मुफ्त बिजली
मात्र 5 हजार रुपए प्रति किलोवाट के दर से भुगतान करके आज ही बुक करें सोलर सिस्टम एवं गिफ्ट पाए 20 हज़ार* से 5 लाख* तक का
एडवांस सोलर द्वारा चलाया जा रहा है "हर घर सोलर अभियान" योजना एवं "सोलर क्रांति" योजना छत्तीसगढ़ प्रत्येक जिला के प्रथम 100 बुकिंग हेतु मान्य
Subsidy Up to 128000/-*
GAUTAM SOLAR
630Wp R-Series
High Efficiency Panel
23.32% High Efficiency
16 Bus Bars for better current flow
Toughened ARC Glass
IP68 Waterproof Junction Box
Technically ADVANCED Modules
Special price for PM KUSUM PROJECT
डीलरशिप ऑफर !!
एडवांस सोलर कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ब्लॉक, तहसील एवं जिला हेतु डीलर बनने का ऑफर दिया जा रहा है। आज ही एडवांस सोलर कंपनी का डीलर बने एवं कमाये 3 लाख से 10 लाख तक प्रतिमाह ।
अपने क्षेत्र में डीलर बनने हेतु आवेदन हेतु करे
www.advancesolar.in पर भी आप आवेदन कर सकते है या इस लिंक के माध्यम से भी आप आवेदन कर सकते है https://advancesolar.in/dealer.php
Call / Whatsapp 9109969159
आज ही एडवांस सोलर रायपुर सिटी ऑफिस विजिट करें एवं स्पॉट बुकिंग करके आकर्षक गिफ्ट घर ले जाए।
4.8 kw topcon solar system with 5 kw inverter after all subsidy deduction Only at 142000/-*
ADVANCE SOLAR
ONGRID -HYBRID SOLAR SYSTEM
DOMESTIC - COMMERCIAL - INDUSTRIAL
www.advancesolar.in
solaradvance4@gmail.com
Terms and condition apply
City office (For Customer Visit)
LAVISH LIFE BUILDING BESIDE MOWA BRIDGE, NEAR LODHIPARA CHOWK RAIPUR
91099 69107, 91099 69116, 91099 69109, 91099 69119
Technical office
IIS CAMPUS KAVILAS NAGAR BHANPURI RAIPUR CG
Trust of 30 years in service industry


SADBHAV RENEWABLE LIMITED
PRESENTS
IEX
भव्य शुभारंभ आज से
छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा औद्योगिक एवं सोलर एक्सपो
मध्य भारत की सबसे बड़ी औद्योगिक प्रदर्शनी
Industrial ENGINEERING XPO
INDIA SOLAR EXPO
RAIPUR
21 22 23 24 NOVEMBER 2025
Venue
Shriram BUSINESS PARK
VIDHAN SABHA ROAD
FREE ENTRY | TIME - 11AM TO 8PM
150+LIVE MACHINES DEMO 100+ Exhibitors 20000+ B2B Visitors
Diamond Partner
ADVANCE SOLAR RAIPUR
Platinuim Sponser
solarkart
OM CNC AUTOMATION Always Deliver More Than Expected
SLTL Group
Gold Sponser
LASER TECHNOLOGIES
MEHTA MEHTA HITECH INDUSTRIES LIMITED
BHAVYA An ISO 9001 : 2015 Certified Company
RAINBOW TRADEFIN SOLUTIONS PVT. LTD.
SWITCHSOL SWITCH TO SOLAR
Lanyard Partner
GREENFINITY
SUPPORTED BY:
Confederation of All India Traders
URLA INDUSTRIES ASSOCIATION
Raipur Machinery Merchant Association
Outdoor Partner
FOUR CORNERS
MEDIA PARTNER
NEWS 24 मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़
DIGITAL MEDIA PARTNER
लल्लूराम.com
REGISTRATION PARTNER
zone
EVENT MANAGE BY
ERREGEA INDIA Pvt Ltd
9827044408 | 8109185455 | 9826497000

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

मोस्ट वांटेड नक्सली कमांडर हिड़मा की मौत के बाद गांव की फिजा बदली हुई है। सरकार ने योजनाओं की जानकारी देने के लिए यहां कैंप लगाया है और सरकारी योजनाओं को जानने के लिए लोग पहुंच रहे हैं। वहीं, जहां पहले देश के मोस्ट वांटेड और लगभग 1 करोड़ 80 लाख के ईनामी नक्सली कमांडर हिड़मा के एनकाउंटर के बाद बुधवार-गुरुवार को हरिभूमि की टीम उसके पैतृक गांव पूर्वर्ती पहुंची।





# हिड़मा के गांव में 'सरकार'...मौत के बाद सन्नाटा, पर राशन कार्ड, जाति प्रमाणपत्र को समझने शिविर में भीड़

खास खबर

पूर्वर्ती से राजेश दास की रिपोर्ट

गांव में कदम रखते ही सबसे पहले जो चीज महसूस हुई, वह था गहरा सन्नाटा। लोग धीरे-धीरे, सावधान निगाहों से बात कर रहे थे। कोई खुलकर बोलना नहीं चाहता, लेकिन, चेहरे बहुत कुछ कह रहे थे।

हिड़मा के घर पहुंचने पर एक और चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। गांव वालों ने बताया कि हिड़मा का अपना मकान तो सालों पहले ही ढह चुका है। कभी जिस घर से वह निकला था, आज वह जमींदोज हो चुका है, उसकी मां अब उसके भाई के घर ▶▶|शेष पेज 6 पर

- मौत का तांडव मचाने वाले हिड़मा के गांव में दिखा खामोशी का माहौल
- गांव में जमीदोज घर और बूढ़ी मां के आंखों आंसू छोड़ गए हिड़मा

## हिड़मा के गांव में पसरा रहा मातम

हिड़मा के मारे जाने के दिन से ही पूर्वर्ती में सीआरपीएफ कैंप के ठीक सामने सुकमा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित एक शिविर देखने को मिला, जहां पर पूर्वर्ती समेत आसपास के तकरीबन 8 से 10 गांव के सैकड़ों ▶▶|शेष पेज 6 पर



## हिड़मा के घर की दीवारों पर दिखी तिरंगे की तस्वीर

देश के सबसे कुख्यात माओवादी कमांडरों में गिने जाने वाले हिड़मा के गांव पूर्वर्ती में आज एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। हिड़मा के मिट्टी के घर के ठीक सामने अब एक आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। आज बच्चों की आवाजें उसी जगह से गूंज रही हैं, जहां ▶▶|शेष पेज 6 पर

## मैंने उसे बंदूक थामना नहीं सिखाया था



दंडकारण्य के गहरे जंगलों में सुरक्षा बलों की बड़ी कार्रवाई में टॉप कमांडर हिड़मा की मौत की पुष्टि के बाद जहां सुरक्षा एजेंसियां इसे एक बड़ी कामयाबी मान रही है। वहीं उसके ▶▶|शेष पेज 6 पर

## गांव में हुआ हिड़मा का अंतिम संस्कार

एक करोड़ से अधिक के ईनामी सेंट्रल कमेटी मेंबर माड़वी हिड़मा व उसकी पत्नी डीकेएसजेडसी राजे का शव पूर्वती पहुंचते ही लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इससे पूर्व दो दिन तक उसके घर में परिवार की गिनती की महिलाएं व कुछ बच्चे ही मौजूद थे और पूरा घर व आस पास के इलाके में सन्नाटे के अलावा कुछ नहीं था, लेकिन तीसरे दिन गुरूवार सुबह शव पहुंचते ही आस पास के आधा दर्जन गांव से पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण हिड़मा की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। ▶▶|शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईडी ने रॉबर्ट के खिलाफ दायर की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** ईडी ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ ब्रिटेन स्थित हथियार कारोबारी संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में आरोप पत्र दाखिल किया। अभियोजन की शिकायत यहां विशेष धन शोधन रोकथाम कानून अदालत में दायर की गई है।

### स्कूल में '100 उठक बैठक' से छात्र की मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में देर से स्कूल आने पर कथित तौर पर 100 उठक-बैठक लगाने के लिए मजबूर किए जाने के कारण छठी कक्षा की एक छात्रा की मौत हो गई। इस मामले में एक महिला शिक्षिका को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में वसई क्षेत्र के सातिवली स्थित निजी स्कूल से शिक्षका को हटा दिया गया था। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

### निर्माणाधीन मकान ढहने से चार मजदूरों की मौत



**नई दिल्ली।** गौतमबुद्धनगर जिले के थाना रबूपुरा क्षेत्र में निर्माणाधीन तीन मंजिला मकान की 'शटरिंग' खोलते समय छत गिरने की घटना में मारे गए मजदूरों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। मजदूरों की पहचान जीशान, शाकिर, कामिल, नदीम, दानिश, फरदीन, शकील, कामिल, नदीम और जीशान के रूप में की गई।

### कोयला जलाकर सोए सुबह मृत मिले मजदूर

**कानपुर।** कानपुर के पनकी औद्योगिक क्षेत्र में चार मजदूर अपने किराए के कमरे में मृत पाए गए। रात भर कमरे में कोयला जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण दम घुटने से उनकी मौत हुई। मृतकों की पहचान अरुण वर्मा (32), संजू सिंह (22), राहुल सिंह (23) और दाउद अंसारी (28) के तौर पर हुई है। ये सभी देवरिया ज़िले के रहने वाले थे। औद्योगिक क्षेत्र में एक तेल मिल में काम करते थे।

### पांच हजार श्रद्धालुओं की ही होगी तत्काल बुकिंग



**पत्तनमथिट्टा।** त्रावणकोर देवस्वओम बोर्ड ने घोषणा की कि सबरीमला दर्शन के लिए की जाने वाली तत्काल बुकिंग की संख्या को प्रतिदिन पांच हजार लोगों तक सीमित कर दिया गया है। केरल उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद तत्काल बुकिंग को सीमित कर दिया गया है। तत्काल बुकिंग की सुविधा केवल निलक्कल और वंदिपेरियार केंद्रों पर ही उपलब्ध होगी। फिलहाल यह सुविधा 24 नवंबर तक निलंबित है।

## पीएम मोदी और शाह की मौजूदगी में कुमार ने 10वीं बार ली बिहार सीएम पद की शपथ

# मुख्यमंत्री नीतीश और भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रभारी नितिन समेत 26 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶| पटना

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कुमार और 26 सदस्यीय मंत्रिपरिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कुमार ने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर राज्यपाल से नयी सरकार बनाने का दावा पेश किया था। समारोह के अंत में प्रधानमंत्री ने अपने चिरपरिचित अंदाज में 'गमछा' हवा में लहराकर उपस्थित जनसमूह का उत्साह बढ़ाया। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, बिहार सरकार में मंत्रियों के रूप में शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई। यह समर्पित नेताओं की शानदार टीम है, जो बिहार को नयी ऊंचाइयों पर ले जाएगी। सभी को मेरी शुभकामनाएं।

शपथ ग्रहण समारोह के लिए गांधी मैदान में विशाल मंच तैयार किया गया था, जहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन(राजग) शासित कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी शिरकत की। इनमें आंध्र प्रदेश के एन चंद्रबाबू नायडू, उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस, असम के हिमंत विश्व शर्मा और दिल्ली की रेखा गुप्ता शामिल थीं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा और हाल ही में संपन्न हुए ▶▶|शेष पेज 6 पर

खास खबर

जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में बिहार के मुख्यमंत्री पद की रिकॉर्ड 10वीं बार शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित कई गणमान्य नेता उपस्थित रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन ने बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जिसके बाद सीएम विष्णुदेव साय ने बधाई प्रेषित की।




### पीएम ने गमछा हिलाकर किया अभिवादन

शपथ के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने मंच से गमछा हिलाकर लोगों का अभिवादन किया। हरियाणा, असम, गुजरात, मेघालय, यूपी, नगालैंड, ओडिशा, दिल्ली, एमपी और राजस्थान के मुख्यमंत्री भी शपथ समारोह में शामिल हुए। मंच पर चिराग पासवान ने मांझी और जेपी नड्डा के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

### 13 नए चेहरों को मौका

*नीतीश कैबिनेट में इस बार नए चेहरों को मौका दिया गया है। रामकृपाल यादव, श्रेयसी सिंह को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। चिराग की पार्टी से 2 विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इसमें संजय सिंह भी शामिल हैं। संजय सिंह महुआ से चुनाव जीते हैं। उन्होंने लालू यादव के बेटे तेजप्रताप को हराया था।*

### किस दल के कितने मंत्री

**जदयू**
विजय चौधरी
बिजेंद्र प्रसाद यादव
श्रवण कुमार
अशोक चौधरी (एमएलसी)
सुनील कुमार
लेशी सिंह
मदन सहनी
मोहम्मद जामा खान

**भाजपा**
सम्राट चौधरी
विजय कुमार सिन्हा
मंगल पांडेय
दिलीप जायसवाल
नितिन नबीन
राम कृपाल यादव
संजय सिंह टाइगर
रमा निषाद
लखेंद्र कुमार रोशन
श्रेयसी सिंह
नारायण प्रसाद
सुरेंद्र मेहता
अरुण शंकर प्रसाद
डॉ. प्रमोद कुमार (एमएलसी)

**हम**
संतोष सुमन

**राष्ट्रीय लोक मोर्चा**
दीपक प्रकाश

**लोजपा**
संजय कुमार
संजय कुमार सिंह

### नितिन नबीन : बांकीपुर से शांत और मजबूत

बिहार की राजनीति अपने स्वभाव में जितनी जटिल है, उतनी ही बदलती हुई भी। हर चुनाव यहां नई दिशा, नया संदेश और नए समीकरण लेकर आता है, लेकिन इस शोर, बदलाव और अस्थिरता के बीच कुछ चेहरों की मौजूदगी ऐसी होती है जो राजनीति को निरंतरता भी देती है और जनता को भरोसा भी। नितिन नबीन ऐसा ही एक नाम है एक ऐसा चेहरा जिसने पूरे आत्मविश्वास के साथ न सिर्फ अपनी सीट को संभाले रखा, बल्कि पांच बार लगातार जीतकर बीजेपी के शहरी और प्रबुद्ध वोट बैंक को एक स्थायी संबल दिया। 2025 का बांकीपुर चुनाव कई मायनों में दिलचस्प था। राजनीतिक हवाएं बदल रही थीं, समीकरण टूट रहे थे, नए चेहरे उभर रहे थे, लेकिन इस सबके बीच अगर कोई चीज अडिग रही तो वह थी नितिन नबीन के प्रति जनता का विश्वास। इस बार उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को 47,524 वोटों के भारी अंतर से हराया। नितिन नबीन की राजनीतिक यात्रा अचानक नहीं बनी। वह अपने पिता, दिवंगत भाजपा नेता की विरासत लेकर आए।

## शपथ ग्रहण में शामिल हुए प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम



नितिन नबीन को बधाई देते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के बिहार में मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा तथा कैबिनेट मंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा प्रभारी नितिन नबीन द्वारा गुरुवार को शपथ लेने पर जहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने बधाई दी है, वहीं शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ विधायक सुंशात शुक्ला भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद इन्होंने नितिन नवीन से मिलकर उनको बधाई भी दी।

- मुख्यमंत्री साय, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने नीतीश कुमार, बिहार के उपमुख्यमंत्री व नितिन नवीन को दी बधाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बधाई संदेश में कहा, दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने वाले बिहार में जनता जनार्दन ने लोकतंत्र और सुशासन के पक्ष में जो जनादेश दिया है, उसका पूरी विनम्रता से हम सम्मान करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ओजस्वी नेतृत्व में बिहार, विकास के मार्ग पर निरंतर ▶▶|शेष पेज 6 पर

## रायपुर में प्राचार्य के सर्वाधिक 750 पद रिक्त, दूसरे पायदान पर 570 सीट के साथ दुर्ग, बिलासपुर के 512 स्कूल प्रभारी भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर में प्राचार्य पद के लिए काउंसिलिंग आज प्रारंभ हो जाएगी। ये काउंसिलिंग शंकर नगर स्थित बीएड कॉलजे में होगी। 21 नवंबर से प्रारंभ हो रही काउंसिलिंग 24 नवंबर तक चलेगी। इस दौरान क्रमानुसार प्राचार्यों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया जाएगा। इस काउंसिलिंग से सर्वाधिक राहत रायपुर संभाग को मिलेगी, क्योंकि प्राचार्य के सर्वाधिक 750 पद यहां ही रिक्त हैं। जिन विद्यालयों में ये रिक्तियां हैं, वहां प्रभारी ▶▶|शेष पेज 6 पर

- आज से प्रारंभ होगी प्राचार्य पदों के लिए काउंसिलिंग



### टी संवर्ग की हो चुकी है पदोन्नति

वर्तमान में केवल ई संवर्ग के प्रधान पाठकों और व्याख्याताओं की ही पदोन्नति शेष है। टी अर्थात ट्राइबल संवर्ग में पोस्टिंग काउंसिलिंग के माध्यम से हो चुका है। टी संवर्ग की काउंसिलिंग के नियम ई संवर्ग में भी फॉलो किया जा ▶▶|शेष पेज 6 पर

### छात्रों को मिलेगा लाभ

प्रभारी प्राचार्य की जिम्मेदारी संस्थान के सबसे वरिष्ठ व्याख्याता अथवा शिक्षक को दी जाती है। प्राचार्य का पदभार संभालने के कारण व्याख्यता अपने मूल विषयों का अध्यापन कार्य नहीं करवा पा रहे हैं। अब प्राचार्य पद पर स्थायी नियुक्ति होने से वे अपने विषय में अध्यापन कार्य करवा सकेंगे। यदि किसी विद्यालय में प्राचार्य का प्रभार संभाल रहे व्याख्याता को ही पदोन्नत किया जाता है, तो वहां व्याख्यता का पद रिक्त होगा, जिसमें नवीन भर्ती की जाएगी। इस तरह से छात्रों को दोनों ही स्थिति में अध्यापन लाभ प्राप्त होगा।

## एक और तबाही की आहट बंगाल की खाड़ी में चक्रवात

एजेंसी ▶▶| पोर्ट ब्लेयर

आईएमडी ने बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने 'चक्रवाती परिसंचरण' के कारण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए अलर्ट जारी किया है। 'चक्रवाती परिसंचरण' के 21 नवंबर से और तेज होने का अनुमान है।

निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश (07-20 सेंटीमीटर) होने का अनुमान है और अंडमान द्वीपसमूह में भी भारी बारिश (07-11 सेमी) होने का अनुमान है। अधिकारी ने कहा, 24 और 25 नवंबर को अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में एक या दो जगहों पर तेज हवा (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) और गरज-चमक के साथ बारिश होने का भी अनुमान है।



### मछुआरों को सलाह

मछुआरों को सलाह दी गई है कि वे उत्तरी अंडमान सागर के किनारे और उसके आस-पास समुद्र में न जाएं। नावों को बहुत सावधानी से चलाएं, मनोरंजन के दौरान पूरी सावधानी बरतें। पर्यटकों और आम लोगों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई।

### छत्तीसगढ़ में ठिठुरन से मिलेगी राहत

छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से जारी कड़ाके की ठंड अब धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों के भीतर प्रदेश के कई जिलों में रात का पारा 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है, जिससे लोगों को ठिठुरन से राहत मिलने की उम्मीद है। प्रदेश में हवा की दिशा उत्तर से बदलकर पूर्वी हो चुकी है। पूर्वी दिशा से आने वाली हवाओं में नमी अपेक्षाकृत अधिक होती है, जिसके कारण रात के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है।

## 350 फीसदी शुल्क की धमकी, तब रुकी लड़ाई!



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि उन्होंने भारत एवं पाकिस्तान को 350 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी देकर उनके बीच जारी हमलों को रुकवाया था। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें फोन करके कहा था कि 'हम युद्ध नहीं करेंगे। ट्रंप 60 से अधिक बार इस दावे को दोहरा चुके हैं कि उन्होंने इस साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव 'शांत करने में मदद की' जबकि भारत किसी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप के दावे को लगातार नकारता रहा है।




### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, टाइम लाइन तय नहीं

# राज्यपाल नहीं रोक सकते विस में पारित बिल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्य विधानसभाओं में पारित विधेयकों को मंजूरी देने के संबंध में राज्यपाल एवं राष्ट्रपति के लिए कोई समयसीमा तय नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने अपने बहुप्रतीक्षित फैसले में कहा कि उच्चतम न्यायालय भी विधेयकों को मंजूरी प्रदान नहीं कर सकता। प्रधान न्यायाधीश ने फैसले का मुख्य भाग पढ़ते हुए कहा कि राज्यपाल किसी बिल को रोक नहीं सकते। अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपालों के पास तीन विकल्प हैं - विधेयकों को मंजूरी देना, उन्हें राष्ट्रपति के पास भेजना या मंजूरी रोककर अपनी ▶▶|शेष पेज 6 पर

### राष्ट्रपति के सवालों पर जताई सहमति

पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा सुप्रीम कोर्ट के आठ अप्रैल के फैसले पर उठाए गए 14 महत्वपूर्ण सवालों पर विचार करने पर सहमति जताई। मुर्मू ने अनुच्छेद 143(1) के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए कहा था कि वर्तमान परिस्थितियों में कुछ कानूनी प्रश्न खड़े हुए हैं, जो अपने स्वरूप और सार्वजनिक महत्व के कारण ऐसे हैं कि उन पर न्यायालय की राय लेना आवश्यक हो जाता है। अनुच्छेद 143(1) राष्ट्रपति को सुप्रीम कोर्ट से सलाह लेने का अधिकार प्रदान करता है।

### राज्यपाल के पास तीन विकल्प

- विधेयकों को मंजूरी देना
- विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजना
- मंजूरी रोककर अपनी टिप्पणियों के साथ उन्हें विधानसभा को वापस भेजना

### तमिलनाडु केस और समय सीमा

8 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु विधानसभा से पास हुए बिलों पर फैसला देते हुए पहली बार यह कहा था कि राष्ट्रपति को राज्यपाल की तरफ से भेजे गए किसी भी बिल पर तीन महीने के भीतर निर्णय लेना होगा। यह फैसला अपने आप में ऐतिहासिक माना गया क्योंकि इससे पहले ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं थी।

## चिंतन

# बिहार में एक बार फिर सुशासन बाबू सरकार

बिहार में एक बार फिर से सुशासन राज का श्रीगणेश हो गया। मिस्टर क्लीन नाम से प्रसिद्ध नीतीश कुमार 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री बन गए हैं। गुरुवार को उन्होंने पद की शपथ ली। मुख्यमंत्री के साथ 26 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। जमुई से जीतीं श्रेयसी सिंह समेत 10 नए चेहरों को नीतीश कैबिनेट में जगह दी गई है। चुनाव से पहले नितीश कुमार के स्वास्थ्य को लेकर तरह- तरह की बातें होती रहीं, लेकिन उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान सैकड़ों रैलियां करके दिखा दिया कि वे पूरी तरह से तैयार हैं। जेडीयू ने 2020 में मिली अपनी सीटों की संख्या लगभग दोगुनी करते हुए 85 सीटें हासिल कीं। नतीजों ने नीतीश की उस क्षमता को भी दिखाया, जिसमें वे गठबंधन को अपना वोट ट्रांसफर कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी गठबंधन में हों। हालांकि यह क्षमता लालू प्रसाद और तेजस्वी, मायावती, मुलायम सिंह यादव और अखिलेश यादव और चिराग पासवान में भी है, लेकिन नीतीश को जो बात विशिष्ट बनाती है, वह यह है कि वे अपने साथ जुड़ी सभी जातियों के बीच यह कर दिखाते हैं। नीतीश की अपनी जाति, कुर्मी की संख्या बेहद कम है, लेकिन यह तथ्य उनके लिए कोई बाधा नहीं रहा है, ईबीसी, गैर-यादव ओबीसी और महिलाओं का गठबंधन बनाने में उनकी राजनीतिक प्रतिभा को दर्शाता है। अगड़ी जातियों में भी उनके प्रति कोई द्वेष नहीं है। ऐसे राज्य में जहां जातिगत समीकरण गहरे हैं, यह उन्हें एक खास स्थान दिलाता है। नीतीश अपने विकास कार्यों और नेक नियति के लिए जाने जाते हैं। राजनीति में इतनी लंबी पारी गुजारने के बाद भी विरोधियों के पास उनके खिलाफ बोलने के लिए कुछ नहीं है। न तो कोई भ्रष्टाचार का मामला और न ही फेराफेरी की गुंजाइश। इसीलिए उन्हें मिस्टर क्लीन भी कहा जाता है। उनके मंत्रियों पर आरोप लगते हैं, लेकिन किसी ने भी सीएम पर भ्रष्टाचार की उंगली नहीं उठाई। राजद प्रमुख लालू यादव के उलट, उन पर अपने बेटे को बढ़ावा देने का आरोप भी नहीं लगाया जा सकता। लालू-राबड़ी के शासनकाल के बाद बिहार को फिर से पटरी पर लाने के लिए उनके शासन और नीतिगत प्रयासों की व्यापक रूप से सराहना की जाती है। बिजली की नियमित उपलब्धता, जो अब समाज के बड़े हिस्से के लिए लगभग मुफ्त है, राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों का जाल और बेहतर कानून-व्यवस्था ने उन्हें प्यार दिलाया। वे बिहार के चहेते बन गए। उनके द्वारा किए गए विकास के चर्चे पूरे बिहार ही नहीं देशभर में होते हैं। पहली बार वह मार्च 2000 में सीएम बने, लेकिन बहुमत न होने के कारण सिर्फ सात दिन बाद ही इस्तीफा देना पड़ा। 2005 में उन्होंने लालू प्रसाद के वर्चस्व को खत्म कर एनडीए सरकार बनाई। 2010 के चुनाव में भी उन्हें बड़ी जीत मिली, जिसके बाद वह फिर मुख्यमंत्री बने। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में जदयू की हार के बाद उन्होंने पद छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने जीतन राम मांझी को सीएम बनाया, लेकिन फरवरी 2015 में एक बार फिर खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाल ली। नवंबर 2015 के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को भारी सफलता मिली और उस सरकार में भी नीतीश ही मुख्यमंत्री रहे। 2017 में राजद से टकराव के बाद उन्होंने फिर एनडीए सरकार बनाई। 2020 चुनाव के बाद वे फिर से मुख्यमंत्री बने। 2022 में 8 बार सीएम बने और फिर 2024 में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। ये अपने आप में रिकार्ड है और नीतीश इसके नायक। उम्मीद की जानी चाहिए कि वे अपनी सुशासन बाबू की छवि को और बेहतर निखारेंगे।



अंकुश
प्रमोद भार्गव

# अंतिम सांसें गिनता नक्सली माओवाद

> मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मार गिराया है। इसके साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती है लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के बाद सात अन्य नक्सलियों को भी मारने के साथ तय है कि अब नक्सली हिंसा अपने अंतिम चरण में है। मार्च 2026 तक इसका समूल नाश हो जाएगा, क्योंकि अब प्रमुख नक्सली सरगनाओं की गिनती मात्र 3-4 तक सिमट गई है। यदि वे हथियार डालकर समर्पण नहीं करते हैं तो उनका भी अंत होना तय है। हालांकि इस मुठभेड़ में मप्र के बालाघाट में पदस्थ निरीक्षक आशीष शर्मा को बलिदान देना पड़ा है। माओवादी अर्से से देश में एक ऐसी जहरीली विचारधारा रही है, जिसे नगरीय बौद्धिकों का समर्थन मिलता रहा है। ये बौद्धिक नक्सली संगठनों को आदिवासी समाज का हितचिंतक मानते रहे हैं, जबकि जो आदिवासी नक्सलियों के विरोध में रहे, उन्हें इनकी हिंसक क्रूरता का शिकार होना पड़ा है। बावजूद इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि देश के वामपंथी दलों को कभी भी सुरक्षाबलों का नक्सलियों के खिलाफ चलाया जा रहा सफाये का अभियान पसंद नहीं आया। इससे पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोशिश है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाएं जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोशिश है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। शाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014 से 2024 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिशत की कमी आई है। 2004 से 2014 के बीच नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देश में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004 से 2014 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई हैं और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है। उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस



तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है। इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी शक्ति अभी शेष है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निशाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाके हैं, जिनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं। इस मुठभेड़ में मारे गए हिड़मा का बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में बोलबाला रहा है। अब हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली समस्या के हल की गुंजाइश बढ़ गई है। कांग्रेस की पूर्व केंद्र तथा छत्तीसगढ़ की राज्य सरकार नक्सली समस्या से निपटने के लिए दावा करती रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि तत्कालीन छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुश विकास की धारा से लग रहा है, क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले थे। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा फिर सत्ता में आई, उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था।

माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

डॉ.रमेश ठाकुर




# सूचना संसार पर 'टेलीविजन' ने जमाया अंगद की तरह कदम

चाहें सूचनाएं हों या मनोरंजन के साधन, दोनों ही धड़े अब टेलीविजन के इर्द-गिर्द ठहर गए हैं। सूचनाओं के प्लेटफार्म बेशक बहुतेरे हों, जैसे अखबार, रेडियो, सोशल मीडिया आदि, टीवी ने दर्शकों का सर्वाधिक हिस्सा अपनी ओर घुमा लिया है। आज 'विश्व टेलीविजन दिवस' है जो सालाना नवंबर की 21 तारीख को समूचे संसार में मनाया जाता है। वर्ष 1996 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने इस मकसद के साथ घोषित किया, ताकि निर्णय लेने में टेलीविजन के बढ़ते प्रभाव को पहचाना जा सके और शांति, सुरक्षा और आर्थिक व सामाजिक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में इसकी भूमिका को सराहा भी जा सके। टेलीविजन दर्शकों को उनकी पसंद का सारा मनचाहा मैटेरियल घर बैठे-बिठाए परोस रहा है। इसलिए कह सकते हैं कि टेलीविजन ने अंगद की भांति देश-दुनिया की तमाम सूचनाओं और मनोरंजनों के साधनों को पहुंचाने और विचारों के आदान-प्रदान के तौर पर अपने पांव मजबूती से जमा लिए हैं। भारत में टेलीविजन प्रसारण की शुरुआत दिल्ली से 15 सितंबर, 1959 को हुई, जो कुछ वर्षों में तेजी से रफ्तार पकड़ी। टीवी के आविष्कार की जहां तक बात है, तो एक प्रसिद्ध स्कॉटिश इंजीनियर थे जिन्होंने टीवी को पहली मर्तबा खोजा। नाम था 'जॉन लोगी बेयर्ड'। जॉन ने वर्ष-1924 में टीवी का श्रीगणेश किया। फिर 1927 में संसार में पहले वर्किंग टेलीविजन का निर्माण हुआ, जिसे सितंबर की पहली तारीख और सन 1928 को प्रेस के सामने प्रस्तुत किया गया। इसके बाद टीवी ने अपना ऐसा प्रभाव छोड़ा, जिसके सामने समूचा संसार नतमस्तक हो गया। वैसे, कलर टेलीविजन के आविष्कार का भी श्रेय महान वैज्ञानिक 'जॉन लोगी बेयर्ड' को ही जाता है जिन्होंने 1928 में टीवी के सफेद पर्दे को रंगीन में बदला था। उसके बाद से रंगीन टीवी का प्रचलन आरंभ हुआ। रेडियो ने जहां आवाज और अखबार ने पठनीय माध्यमों से सूचनाओं को पंख लगाए हैं। वहीं, टेलीविजन ने संचार को दृश्यात्मकता तौर पर आंखें प्रदान कर दी हैं। टेलीविजन की पकड़ सिर्फ मनोरंजन तक नहीं है, बल्कि, समाचार, विचार, शिक्षा और जागरूकता जैसे असंख्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किए हैं। टीवी आमजनों की विभिन्न जिज्ञासाओं को भांप कर उन्हें वैसा ही स्वाद देने का प्रयास करता है। सरकारी योजनाएं हों या सार्वजनिक सूचनाएं सभी में टीवी का पर्दा अभूतपूर्व और अव्वल भूमिका निभा रहा है। कह सकते हैं कि टेलीविजन ने सशक्त और द्रुतगति का जरिया बनकर सुगमता के अनगिनत रास्ते खोलने की महती भूमिका निभाई है। विकास और आविष्कार हमेशा से एक-दूसरे के समानार्थी सहयोगी रहे हैं। ये तथ्य समानरूपी चरितार्थ इसलिए हैं कि विकास और आविष्कार ने मिलकर विगत तीन दशकों में बड़ा विस्तार किया है जिसमें टेलीविजन की अग्रणी भूमिका रही है। यूं कहें कि टेलीविजन का पर्दा प्रत्येक इंसान के जीवन का अहम हिस्सा बन गया है। वर्ष 1996 के आसपास की बात है, जब पहली मर्तबा विश्व टेलीविजन फोरम की याद में हर साल 21 नवंबर को 'विश्व टेलीविजन दिवस' मनाने का प्रचलन शुरू हुआ। उसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने लोगों के निर्णय की क्षमता पर ऑडियो-विजुअल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और अन्य प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने में टीवी की संभावित भूमिका को पहचानने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया। 21वीं सदी में टेलीविज़न ने मुद्रित माध्यम की साक्षर होने की शर्त को भी अनावश्यक प्रमाणित कर दिया। भारतीय संदर्भ में देखें, तो सिनेमा उद्योग आज भी अपनी फिल्मों के प्रमोशन से लेकर रिएलिटी शोज़ को आगे बढ़ाने के लिए टेलीविज़न की ओर ही दौड़ते हैं। दरअसल, उनको टीवी की ताकत का अंदाजा अच्छे से है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जब देशवासियों से कुछ कहना होता है, तो वह भी टीवी के जरिए ही अपनी जरूरी बात को सभी तक पहुंचाते हैं। मौजूदा वक्त में टीवी की भूमिका में एक और बड़ा अध्याय जुड़ गया है। संचार क्रांति फोटोग्राफी, टेलीग्राफी, रेडियो और टेलीविज़न के आविष्कारों से समृद्ध होते हुए बदलाव का सिलसिला अब इंटरनेट तक पहुंच गया है। ये बात तथ्यात्मक है कि इंटरनेट से पहले रेडियो-टेलीविज़न ने ही संचार क्रांति को आगे बढ़ाया था। मार्च 2025 तक, भारत में 918 निजी उपग्रह टेलीविजन चैनल थे जिनमें से 908 भारत में डाउनलिंकिंग के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि चैनलों की संख्या घटती-बढ़ती रहती हैं। दृश्य टीवी की ताकत होते हैं। कवरेज के दौरान दिखाए गए दृश्यों पर दुनिया आंख मूंदकर विश्वास करती है। सूचनाओं के आदान-प्रदान में टीवी की भूमिका अहम रही है और सिलसिला आगे भी बदस्तूर जारी रहेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# हर मानव में शुभ व अशुभ इच्छाएं होती हैं



संकलित
## दर्शन

शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं। कैलाश का अर्थ ही है कि जहां केवल उत्सव हो, केवल आनंद हो। श्रावण के महीने में संपूर्ण वातावरण उत्सव से भर जाता है। शिव-तत्व अपने चरम पर होता है, यह सहजता से उपलब्ध होता है। इसलिए यह मास भगवान शिव की पूजा करने के लिए सर्वोत्तम मास है। हमारे प्राचीन ऋषि अत्यंत बुद्धिमान थे। वे जानते थे कि हर मानव के भीतर इच्छाएं होती हैं, कुछ शुभ और कुछ अशुभ। जीवन में प्रगति के लिए आवश्यक है कि शुभ इच्छाएं फलित हों। विवेक के उपयोग से मनुष्य यह निर्णय ले सकता है कि कौन-सी इच्छाएं उसके लिए लाभदायक हैं और उन इच्छाओं को प्राप्त करने के लिए क्या कार्य कर सकता है। लेकिन कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि व्यक्ति चाहे कितना भी प्रयत्न कर ले, लेकिन वह अपने इच्छित लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाता है। उसे मार्ग में अनेक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। कारण विविध हो सकते हैं, कुछ अत्यंत सूक्ष्म, कुछ अधिक सूक्ष्म नहीं। ऋषियों ने इस समस्या पर विचार किया और एक अद्भुत समाधान निकाला। उन्होंने मानव कल्याण के लिए संकल्प और पूजा की प्रक्रिया तैयार की। पूजा आरंभ करने से पूर्व पूजा करने वाले यजमान द्वारा संकल्प लिया जाता है। संकल्प वह विशिष्ट उद्देश्य है, जिसके लिए पूजा आयोजित की जा रही है। संकल्प का उच्चारण करने से पहले स्थान (देश) और समय (काल) को परिभाषित किया जाता है, जहां पूजा आयोजित की जा रही है।

# श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भ्रम से बचने की सलाह दी



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत युद्ध की तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडव पक्ष की सेनाएं आमने-सामने खड़ी थीं। संख्या और शक्ति के हिसाब से कौरवों की सेना ज्यादा अच्छी दिख रही थी। जब अर्जुन ने कौरव पक्ष में अपने परिवार, कुटुंब के लोगों को देखा तो वे भ्रमित हो गए। अर्जुन ने अपने सारथी यानी श्रीकृष्ण से रथ को दोनों सेनाओं के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण रथ लोग युद्ध मैदान के बीच में ले गए। वहां पहुंचकर अर्जुन ने भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य, कृपाचार्य जैसे योद्धाओं को देखा। इन सभी को देखकर अर्जुन ने युद्ध करने का विचार ही छोड़ दिया और अपने धनुष-बाण नीचे रख दिए। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मेरे कुटुंब के सभी लोग मेरे सामने खड़े हैं, मैं उनसे युद्ध नहीं कर सकता।श्रीकृष्ण समझ गए कि अर्जुन भ्रम में फंस गए हैं। उस समय श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। भगवान ने समझाया कि जब लक्ष्य बड़ा हो तो सभी बातें चल सकती हैं, लेकिन भ्रम नहीं चल सकता है। तुम्हें अपने सारे भ्रम छोड़कर सिर्फ अपने कर्म पर ध्यान देना चाहिए। जब हम अपने काम अधूरे मन और भ्रम के साथ करते हैं तो सफलता नहीं मिलती है। सफलता चाहते हैं तो सभी भ्रम दूर करते हुए, अपने काम पूरे मन से और एकाग्रता के साथ करना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकती है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों को किसी भी रूप में खाता है, उस पर उनका विपरीत असर भी पड़ता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। *- मनोज वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### शपथ लेने पर बधाई



बिहार के मुख्यमंत्री पद की पुनः शपथ लेने पर नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा को हार्दिक बधाई! साथ ही आज शपथ लेने वाले सभी मंत्रियों को भी बहुत बधाई। सभी के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ।
**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि



भारतीय खेल जगत के गौरव, 'फ्लाइंग सिख', 'पद्म श्री' मिल्खा सिंह को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उनके हर कदम में संघर्ष की गूंज थी, हर जीत में राष्ट्र का गौरव था। मिट्टी के ट्रैक से विश्व मंच तक पहुंचने की उनकी यात्रा ने दुनिया को सिखाया कि मेहनत ही सबसे बड़ा पदक है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### हेली पर्यटन सेवा



मध्यप्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के नए युग का शुभारंभ... आज से पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा का नियमित रूप से संचालन होने जा रहा है। इस सुविधा से कम समय में अधिक गंतव्यों की यात्रा पूर्ण होगी। अर्थव्यवस्था, रोजगार और पर्यटन में भी वृद्धि होगी।
**- डा. मोहन यादव, सीएम, मध्यप्रदेश**


### हवा स्वच्छ बनाने के प्रयास



दिल्ली की हवा को स्वच्छ बनाने के लिए स्प्रिंकलर, एंटी-स्मॉग गन, मैकेनिकल स्वीपर्स, मिस्ट-स्प्रे सिस्टम, निर्माण स्थलों पर एंटी-स्मॉग व्यवस्था और रोज़ाना कचरे की बायो-माइनिंग जैसे प्रयास निरंतर जारी हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर


# मेटा ने आस्ट्रेलियाई किशोरों को डेटा के लिए किया सचेत




प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी मेटा ने बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया के हजारों किशोर उपयोगकर्ताओं को दो हफ्तों में अपनी डिजिटल 'हिस्ट्री' डाउनलोड करने तथा फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स से अपना खाता हटाने की चेतावनी भेजनी शुरू कर दी है। यह कदम दुनिया में पहली बार लागू होने वाले उस सोशल मीडिया प्रतिबंध से पहले उठाया गया है, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के खाते बंद किए जाएंगे। ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने दो सप्ताह पहले घोषणा की थी कि मेटा के तीनों मंचों फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स के साथ ही स्नैपचैट, टिकटॉक, एक्स और यूट्यूब को भी 10 दिसंबर से 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई खाता धारकों को हटाने के लिए कदम उठाने होंगे। कैलिफोर्निया स्थित मेटा ने बृहस्पतिवार को किशोर खाता धारकों को एसएमएस और ईमेल भेजकर चेतावनी दी कि चार दिसंबर से संदिग्ध नाबालिग उपयोगकर्ताओं की इन मंचों तक पहुंच रोक दी जाएगी। मेटा ने एक बयान में कहा, 'हम आज से प्रभावित किशोरों को सूचित करना शुरू कर रहे हैं ताकि वे अपने संपर्कों और यादों को सुरक्षित कर सकें।' मेटा ने यह भी कहा कि इस अवधि में किशोर उपयोगकर्ता अपनी संपर्क जानकारी अपडेट कर सकते हैं।

## ऑफ बीट

# भोजन के साथ आपके संबंध कैसे हैं



क्या आप अपने शरीर के संकेतों को समझते हैं, जिसका अर्थ है कि आपको पता है कि आपको कब भूख लगी है, कब नहीं और कब पेट भरा हुआ महसूस हो रहा है? सभी खाद्य समूहों में नियमित अंतराल पर उचित मात्रा और विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ खा रहे हैं ताकि आपकी पोषक तत्व, स्वास्थ्य और कल्याण संबंधी ज़रूरतें पूरी हों? दूसरों के साथ खाना और अकेले खाना भी आरामदायक है? क्या आप भोजन का आनंद लेने में सक्षम हैं, यदि आपको अधिक जवाब हां में नहीं मिले, तो आपको भोजन के साथ अपने रिश्ते को बेहतर बनाने पर काम करने की आवश्यकता हो सकती है। समस्या यह है कि यह मस्तिष्क के पुरस्कार केंद्र को ट्रिगर करता है, जिसका अर्थ है कि यद्यपि आप बेहतर महसूस करते हैं, यह व्यवहार प्रबल हो जाता है, इसलिए नकारात्मक भावनाओं के जवाब में आपके खाते रहने की संभावना अधिक होती है। भावनात्मक खान-पान और अनियंत्रित खान-पान की प्रवृत्ति खाने के विकार के लक्षणों और खराब गुणवत्ता वाले आहार से जुड़ी होने की अधिक संभावना है, जिसमें सब्जियों का कम सेवन और कम पोषक तत्वों वाले खाद्य पदार्थों का अधिक सेवन शामिल है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com



देश में ज्यादा साल तक रहने वाले की लिस्ट में काफी पीछे

## 2005 से वे लगातार राज्य की संभाले हुए हैं कमान

# बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बने नीतीश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में रिकॉर्ड 10वीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही नीतीश बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल वाले मुख्यमंत्री बन गए हैं लेकिन वो देश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने की लिस्ट में अभी काफी पीछे हैं। साल 2005 से वह लगातार बिहार के सीएम पद की कमान संभाले हुए हैं। नीतीश 20 सालों से मुख्यमंत्री की कुर्सी पर विराजमान हैं। हालांकि, देश में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेताओं की लिस्ट में वह 8वें नंबर पर हैं। आइए जानते हैं देश में सर्वाधिक समय तक कौन-कौन सीएम रहे।

### चामलिंग, पटनायक रहे 24 साल सीएम



पवन कुमार चामलिंग 24 साल तक सिक्किम के मुख्यमंत्री रहे थे। वह भारत के किसी राज्य के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता हैं। उनका कार्यकाल 12 दिसंबर 1994 से 26 मई 2019 तक था यानि कि 24 साल 165 दिन। पवन कुमार के नेतृत्व में उनकी पार्टी सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (**SDF**) ने लगातार पांच बार जीत हासिल की थी। इसके बाद नवीन पटनायक रहे। नवीन 24 साल तक ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे, हालांकि, पवन कुमार से कुछ दिन कम। नवीन पटनायक का कार्यकाल 5 मार्च 2000 से 12 जून 2024 तक रहा यानी 24 साल 99 दिन का।

### बसु का भी लंबा कार्यकाल



ज्योति बसु 23 साल तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने दो दशकों से भी ज्यादा समय तक पश्चिम बंगाल सरकार का नेतृत्व किया। उनका कार्यकाल 21 जून 1977 से 5 नवंबर 2000 तक का रहा यानि 23 साल 137 दिन का। सी तरह, गेंगोंग अपांग ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में लगभग 23 सालों तक अपनी सेवा दी। उनका कार्यकाल 18 जनवरी, 1980 से 19 जनवरी, 1999 तक और 3 अगस्त, 2003 से 9 अप्रैल, 2007 तक रहा। इन दो अलग-अलग कार्यकालों में उन्होंने काम संभाला।

### थनहावला के 22 साल



लाल थनहावला मिजोरम के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने अपने 22 साल दिए। उनके तीन अलग-अलग कार्यकाल रहे। 5 मई, 1984 से 21 अगस्त, 1986 तक, 24 जनवरी, 1989 से 3 दिसंबर, 1998 तक और 11 दिसंबर, 2008 से 15 दिसंबर, 2018 तक।

### महज 7 दिन में गिर गई थी पहली नीतीश सरकार

*साल था 2000, बिहार विधानसभा के चुनाव हुए थे। उस चुनाव में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी राष्ट्रीय जनता दल को बहुमत नहीं मिला था। इस वजह से राबड़ी देवी की सरकार गिर गई। उस समय केंद्र में 'अटल बिहारी वाजपेयी' के नेतृत्व में 'एनडीए सरकार' थी। उस सरकार नीतीश कुमार केंद्र सरकार में 'कृषि मंत्री' के तौर पर कार्य कर रहे थे। इसके बाद पहली बार '03 मार्च 2000 को एनडीए के समर्थन से उन्होंने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालांकि सरकार ज्यादा दिन तक चल नहीं पाई और महज 7 दिन के भीतर ही नीतीश कुमार की सरकार गिर गई। दरअसल के नीतीश के पास पर्याप्त विधायकों का समर्थन प्राप्त नहीं हो पा रहा था। ऐसे में उन्होंने इस्तीफा दे दिया।*

एनआईए की ताबड़तोड़ कार्रवाई

**कोर्ट ने 10 दिन की कस्टडी में भेजा, 6 हुए मुख्य आरोपी**

# लाल किला ब्लास्ट में शामिल मुफ्ती सहित तीन और डॉक्टर गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




लाल किले के पास 10 नवंबर को एक कार में हुए विस्फोट के बाद नेशनल इन्वेस्टीगेशन एजेंसी (एनआईए) एक्शन में है। ब्लास्ट में शामिल चार और मुख्य आरोपियों को गुरुवार को गिरफ्तार किया, जिससे इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या 6 हो गई है। जांच एजेंसी ने सभी आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने सभी को 10 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेज दिया। इन आरोपियों की पहचान पुलवामा (जम्मू-कश्मीर) के डॉ मुजम्मिल शकील गनई, अनंतनाग (जम्मू-कश्मीर) के डॉ अदील अहमद राथर, लखनऊ (यूपी) के डॉ शाहीन सईद और शोपियां (जम्मू-कश्मीर) के मुफ्ती इरफान अहमद वागे के रूप में हुई है। इन सभी ने उस आतंकी हमले में अहम भूमिका निभाई थी जिसमें कई बेगुनाह लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे। आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में एक स्पेशल एनआईए कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 10 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेज दिया गया।

### सभी 4 आरोपियों ने हमले में निभाई थी बड़ी भूमिका

एनआईए प्रवक्ता ने कहा, 'इन सभी ने आतंकवादी हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसमें कई निर्दोष लोग मारे गए थे और कई अन्य घायल हुए थे।' उनकी हिरासत एनआईए को सौंपे जाने के साथ ही केंद्रीय एजेंसी द्वारा आरोपित लोगों की संख्या छह हो गई है। एनआईए ने 11 नवंबर को आधिकारिक तौर पर इस मामले को अपने हाथों में लिया था। एनआईए पहले ही दो लोगों आमिर राशिद अली और जसीर बिलाल वानी उर्फ दानिश को गिरफ्तार कर चुकी है।

### जांच के दायरे में अल फलाह के 200 डॉक्टर-कर्मचारी

दिल्ली ब्लास्ट मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय के 200 से अधिक डॉक्टर और कर्मचारी जांच एजेंसियों की जांच के दायरे में हैं। सुरक्षा एजेंसियां अल फलाह विश्वविद्यालय में लगातार जांच कर रही हैं। जांच एजेंसियों को संदेह है कि इनमें से कई लोग आतंकवादियों से जुड़े थे।

### कश्मीर टाइम्स के दफ्तर पर छापा राइफल की गोलियां बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू एवं कश्मीर पुलिस की स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने गुरुवार को कश्मीर टाइम्स अखबार के जम्मू दफ्तर पर छापेमारी की। इस दौरान अखबार के दफ्तर से एके राइफल्स के कारतूस, पिस्तौल की गोलियां और हैंड ग्रेनेड के पिन बरामद किए गए। कश्मीर टाइम्स के खिलाफ ये कार्रवाई अखबार और उसके प्रमोटर्स के खिलाफ देश-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के आरोप में दर्ज मामले के सिलसिले में की गई है। अधिकारियों का कहना है कि एसआईए की टीमों ने कंप्यूटर्स सहित अखबार के दफ्तर की पूरी तलाशी ली। आगामी दिनों में अखबार के प्रमोटर्स से पूछताछ की जा सकती है। जम्मू-कश्मीर के उपमुख्यमंत्री सुरिंदर सिंह चौधरी ने कहा कि कार्रवाई केवल तभी होनी चाहिए, जब कुछ गलत पता चले। उन्होंने कहा कि अगर उन्होंने कुछ गलत किया है तो कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन अगर सिर्फ दबाव बनाने के लिए ऐसा किया जा रहा है, तो यह गलत होगा। संयुक्त बयान में संपादक अनुराधा भसीन जामवाल और प्रबोध जामवाल ने छापे की कड़ी निंदा करते हुए इसे स्वतंत्र पत्रकारिता को चुप कराने की सुनियोजित कोशिश बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की आलोचना करना देश-विरोधी होना नहीं है।




*दिल्ली दंगा पर पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में कहा*

# आतंकी बनने पर कई गुना ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं बुद्धिजीवी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में 2020 में हुए राष्ट्रीय राजधानी में दंगों के मामले में सुनवाई के दौरान 'बुद्धिजीवी आतंकवादियों' पर बड़ी बात कही। पुलिस ने कहा कि जब बुद्धिजीवी आतंकी बनते हैं तो अन्य आतंकवादियों से ज्यादा खतरनाक हो जाते हैं। सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को कई सालों से जेल में बंद उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान, दिल्ली पुलिस ने लाल किला ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल के भंडाफोड़ का जिक्र किया। पुलिस ने कहा कि एक नैरेटिव बनाया जा रहा है कि ये सब बुद्धिजीवी हैं और परेशान किया जा रहा है। ऐसा नहीं है, बुद्धिजीवी कई गुना ज्यादा खतरनाक होते हैं।

### शरजील के भाषणों का वीडियो पेश

दिल्ली पुलिस ने 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में शरजील इमाम के भड़काऊ भाषणों के वीडियो पेश किए। वीडियो में शरजील इमाम नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देते हुए दिख रहा है। दिल्ली पुलिस ने कहा कि इन भाषणों से माहौल बिगड़ा और लोगों को उकसाने का काम हुआ। शरजील इमाम ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों के दौरान ऐसे भाषण दिए, जिसने हिंसा भड़काने का काम किया। शरजील इमाम इंजीनियरिंग ग्रेजुएट है। दिल्ली पुलिस ने 2020 दिल्ली दंगे में शामिल एक्टिविस्ट उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं का विरोध किया।

### एसआईआर : ममता ने लिखा ज्ञानेश को पत्र

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को सीईसी ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर आरोप लगाया कि राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर की मौजूदा प्रक्रिया अनियोजित और जबरन तरीके से चलाई जा रही है, जो नागरिकों और अधिकारियों दोनों को जोखिम में डाल रहा है। उन्होंने यह भी दावा किया कि यह विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया चिंताजनक और खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है।




### समंदर में आर्टिफिशियल आइलैंड बना रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान पहली समंदर में आर्टिफिशियल आइलैंड (कृत्रिम द्वीप) बनाने जा रहा है। शहबाज सरकार ने अरब सागर में इस आइलैंड को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसे समुद्र में तेल की खोज (ऑयल एक्सप्लोरेशन) के लिए स्थायी प्लेटफॉर्म की तरह इस्तेमाल किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को पाकिस्तान पेट्रोलियम लिमिटेड लीड करेगी। पाकिस्तान ने यह फैसला ट्रम्प का समर्थन मिलने के बाद किया है।

# घुटने टेककर मायावती से मिले बिहार के इकलौते विधायक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बसपा सुप्रीमो मायावती से बिहार के इकलौते पार्टी विधायक सतीश कुमार सिंह (पिंटू यादव) ने दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं, जो चर्चा में हैं। एक तस्वीर में विधायक सतीश सिंह घुटनों के बल मायावती के सामने बैठे हैं। उनकी नजरें झुकी हैं और दोनों हाथ जोड़ रखे हैं। पैरों में सिर्फ मोजे हैं। मतलब मायावती के पास पहुंचने से पहले विधायक सतीश सिंह ने अपने जूते उतार दिए थे। तस्वीर में मायावती भी हाथ जोड़े मुस्कुराती दिख रही हैं। बसपा X फैन पेज ने तस्वीरें जारी की हैं। सतीश सिंह ने बिहार में मतगणना वाले दिन लाठीचार्ज की शिकायत की है।



### 30 वोटों से मिली जीत

दरअसल, बिहार चुनाव 2025 में बसपा रामगढ़ विधानसभा सीट को 30 वोटों के मामूली अंतर से जीतने में कामयाब रही। इस सीट पर बसपा उम्मीदवार को भाजपा और राजद उम्मीदवारों के त्रिकोणीय मुकाबले का सामना करना पड़ा। मायावती ने जिले में चुनावी रैली की थी। चुनावों में इसका असर दिखा।




### पायलट के घर के सामने नजर आया तेंदुआ, दहशत

**जयपुर।** जयपुर, राजस्थान के हाई सिक्योरिटी वाले सिविल लाइंस इलाके में गुरुवार को उस समय दहशत फैल गई जब वहां एक तेंदुआ घूमता नजर आया। यह तेंदुआ कथित तौर पर राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के सरकारी बंगले में घुस गया था। मंत्री का बंगला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट के घर के सामने है। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ एक स्कूल और एक कैबिनेट मंत्री के सरकारी बंगले समेत आसपास के क्षेत्र में घूमता हुआ देखा गया। अधिकारियों ने बताया कि तेंदुआ सबसे पहले टाइनी ब्लॉसम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में घुसता हुआ देखा गया था। जिसके बाद वहां के स्टाफ ने एहतियात के तौर पर विद्यार्थियों को कक्षाओं में बंद कर दिया। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जानवर इलाके में एक घर से दूसरे घर में घूमता देखा गया।

### फिलीपींस में फर्जी नागरिकता लेकर मेयर बनी चीनी महिला

**मनीला।** फिलीपींस की एक अदालत ने गुरुवार को चीनी नागरिक एलिस गुओ और सात अन्य लोगों को मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। एलिस गुओ फिलीपीन नागरिक बनकर मनीला के उत्तर में बम्बन शहर की मेयर बन गई थीं, लेकिन असल में वे चीनी नागरिक हैं। वो एक बड़े चीनी ऑनलाइन जुआ सेंटर भी चलाती थी। जहां सैकड़ों लोगों से जबरदस्ती स्कैम (धोखाधड़ी) करवाई जाती थी। अगर कोई मना करता तो उसे टॉर्चर किया जाता था। मार्च 2024 में पुलिस ने इस जगह पर छापा मारा था।



# टेली सेंटर से क्रेक हुआ आतंकी कनेक्शन का आईपी एड्रेस

## एटीएस ने भिलाई से चार और किशोरों को पकड़ा, लेकिन अब तक अधिकृत पुष्टि नहीं

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

पाक माड्यूल आईएसआईएस आतंकी संगठन से जुड़े जिन दो नाबालिगों को एटीएस ने पकड़ा है, उनके संपर्क में रहने वाले चार और नए लड़कों को एटीएस ने पकड़ा है। लड़कों को पुलिस ने सुपेला थाना क्षेत्र से पकड़ा हैए लेकिन इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की जा रही है। हालांकि एटीएस ने जब दो लड़कों को पकड़ा था, उसी समय इस बात की पुष्टि हो गई थी कि सोशल मीडिया के माध्यम से कई और लड़के आतंकी नेटवर्क के संपर्क में हैं।

एटीएस ने पूर्व में दो किशोरों को पकड़ा था। दोनों किशोर द्वारा पढ़ाई छोड़े जाने की बात सामने आई है। आतंकी नेटवर्क चलाने वाले दोनों लड़कों को स्कूली पढ़ाई से ज्यादा जरूरी मजहबी पढ़ाई करने प्रेरित किया गया। आतंकी नेटवर्क संचालित करने वाले पाक माड्यूल के आतंकियों ने दोनों लड़कों के जेहन में यह बात कूट-कूट कर भर दी थी कि उनका जन्म अपने धर्म तथा मजहब की रक्षा के लिए हुआ है।

लड़कों से जब्त मोबाइल तथा वीडियो की एटीएस की तकनीकी टीम ने प्रारंभिक पड़ताल की, तो दोनों के लैपटॉप में बड़ी संख्या में एआई जनरेटेड वीडियो मिले। फेक वीडियो में यह साबित करने की कोशिश की गई कि उनके धर्म के लोगों को भारत सहित गैर इस्लामिक मुल्क के लोग किस तरह से प्रताड़ित कर रहे हैं। ऐसे लोगों से बदला लेने इराक, सीरिया में जिस तरह लोगों की हत्या की गई, उसका वीडियो भेज कर उसी तर्ज पर बदला लेने दोनों लड़कों को प्रेरित किया गया। इससे दोनों लड़के काफी एरोगेंट हो गए। इसके बाद अन्य लोगों को दोनों लड़के अपना दुश्मन मानते हुए बदले की भावना रखते थे।

एटीएस ने जिन दो लड़कों को आतंकी कनेक्शन के आरोप में पकड़ा है, उनमें से रायपुर का रहने वाला किशोर एक कम्प्यूटर सेंटर में टेली सीखने के लिए जाता था। टेली सीखने की आड़ में लड़का कम्प्यूटर सेंटर में बैठकर अपने लैपटॉप तथा मोबाइल के माध्यम से आतंकी गतिविधि की ट्रेनिंग ले रहा था।

# गरीबों के मकान सामान्य लोग भी खरीद सकेंगे कैबिनेट के फैसले का बाद जारी हुआ आदेश

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

हाउसिंग बोर्ड द्वारा राज्य प्रवर्तित योजनाओं के तहत गरीबों के लिए बनाए गए आवास अब सामान्य लोग भी खरीद पाएंगे। राज्य मंत्रिपरिषद के इस निर्णय के बाद आवास एवं पर्यावरण विभाग ने हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त के लिए इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में 14 नवंबर को हुई राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया था। अब आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में राज्य प्रवर्तित दीनदयाल आवास योजना, अटल आवास योजना, अटल विहार योजना एवं नवा रायपुर मुख्यमंत्री आवास योजना में ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए निर्धारित नियमों एवं शर्तों में अतिरिक्त शर्तों का समावेश करने की बात कही है। सामान्य लोगों को बेचने के पीछे ये तर्क दिया गया है कि ईडब्लुएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों के विक्रय के लिए 3 बार विज्ञापन होने के बाद भी नहीं बिक पाए थे। इसलिए ये फैसला किया गया है कि जो मकान नहीं बिक पाए हैं उन्हें पात्र हितग्राही के अतिरिक्त किसी भी आय वर्ग के हितग्राही को विक्रय किया जा सकता है, परन्तु उन्हे शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी। अनुदान की पात्रता केवल निर्धारित आय वर्ग के हितग्राही को ही होगी। इस मामले में ये प्रावधान भी है कि ईडब्ल्यूएस एवं एलआईजी भवनों, फ्लैटों की बिक्री के लिए बार विज्ञापन होने के बाद भी अविक्रित भवनों को एकल व्यक्ति या शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा एक से अधिक संपत्ति क्रय करने का प्रस्ताव दिया जाता है। तो एकल व्यक्ति या शासकीय या अर्द्धशासकीय अथवा निजी संस्था के नाम पर एक से अधिक भवनों को मांग अनुसार विक्रय किया जायेगा, परन्तु उन्हें शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की पात्रता नही होगी।

Annexure-i

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्योरमेंट प्रथम दौर**
**निविदा सूचना क्रमांक- 15/ /**

क्रमांक/850/निविदा/ग्रा.यां. सेवा/2025-26, सुकमा दिनांक- 18/11/2025

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा दिनांक 05/12/2025 तक आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कार्यालय में निविदा की मैनुअल दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 100 सीटर बालक आश्रम भवन निर्माण कार्य मेहता। | 208.57 लाख | 08/12/2025 शाम 5.30 बजे। |
| 100 सीटर बालक आश्रम भवन निर्माण कार्य करीगुण्डम। | 208.57 लाख | |
| 100 सीटर बालक आश्रम भवन निर्माण कार्य डब्बाकोन्टा। | 208.57 लाख | |
| 100 सीटर बालक आश्रम भवन निर्माण कार्य जगरगुण्डा। | 208.57 लाख | |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 20/11/2025 से देखी / डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सुकमा
जिला - सुकमा (छ.ग.)

जी. 252604927/3

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION CO. LTD**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (A Successor Co. of CSEB) CIN: 40108CT2003SGCO15822 GST No. 22AADCC6047K1ZR
**Office of the Superintending Engineer (City) Circle, CSPDCL Bilaspur**
Power House, Torwa, Bilaspur (C.G.) - 495004 email: secc.bilaspur@cspc.co.in Phone: 07752- 427095 Fax: 07752-427046

**No. SE/City/PUR/NIT/63,64,65,66,67,68,69,70&71/2025-26/3299** **Bilaspur, dtd,19-11-2025**

**NOTICE INVITING TENDER**

Online bid is invited through CSPDCL, E-Bidding system (SAP SRM) from interested Agencies/Firm. Please Note that the rates quoted shall be excusive **of GST and new** labour rates for Drivers **wef. 01-04-2025 of Labour Deptt**. Of Govt of C.G. :-

| Sl. No. | NIT No/ Rfx No. Numbers | Particulars of works | Issue date | Last Date of opening | Tender Fee | Approx Value of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | NIT-63/ (Rfx No 8100046697) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **TORWA ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 02 | NIT-64/ (Rfx No. 8100046698) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **LINK ROAD ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 03 | NIT-65/ (Rfx No. 8100046699) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **SIRGITTI ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 04 | NIT-66/ (Rfx No. 8100046700) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **BASANT VIHAR ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 05 | NIT-67 (Rfx No. 8100046701) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **NEHRU NAGAR ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 06 | NIT-68/ (Rfx No. 8100046702) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **GOLE BAZAR ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 07 | NIT-69/ (Rfx No. 8100046703) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 11 KV/LT NETWORK AND ERECTION OF NEW 11 KV/LT LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR **SARKADA ZONE** UNDER EXECUTIVE ENGINEER CITY DN-I (EAST) CSPDCL, BILASPUR. UNDER S.E. (CITY) CIRCLE BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 08 | NIT-70/ (Rfx No. 8100046704) | CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 33 KV NETWORK AND ERECTION OF NEW 33 KV LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR EXECUTIVE ENGINEER CITY **DN-I (EAST)** CSPDCL, BILASPUR.. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |
| 09 | NIT -71/ (Rfx No. 8100046705) | Work for EMPANELMENT OF AGENCIES FOR NEW CONNECTION WORKS AND EMERGENCY WORKS (REPLACEMENT OF DAMAGED POLES, CONDUCTORS AND CABLES ETC. ON 33 KV NETWORK AND ERECTION OF NEW 33 KV LINES AND INSTALLATION OF DT FOR NEW SERVICE CONNECTIONS) FOR EXECUTIVE ENGINEER CITY **DN-II (WEST)** CSPDCL, BILASPUR. | 31-10-2025 | 24-11-2025 | 2000/- | **21,00,000/-** |

Note :-Other Enquiry can be followed from official website of CSPDCL, (www.cspdcl gov.in)

SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

Superintending Engineer
City Circle, CSPDCL, Bilaspur

**OFFICE OF**
**THE EXCISE COMMISSIONER, CHHATTISGARH**
**Vanijyik Kar - GST Bhavan, North Block, Sector - 19, Atal Nagar, Nawa Raipur 492002 (CG)**

No. Excise/Vehicle/Tender(Corrigendum)/2025/7077
Date 19.11.2025

**Corrigendum Notice**

Schedule of this office tender number Excise/Vehicle/ Tender/ 2025/6987 dated 14.11.2025 "TENDER FOR EMPANLEMENT OF AGENCY FOR SUPPLY OF HIRED VEHICLES", is amended as follows:-

**Last date & time for submission - 15.12.2025 at 02:00 PM**

**Date & time for opening of bid - 15.12.2025 at 02:30 PM**

**Excise Commissioner,**
**Chhattisgarh**

**G.- 252604930/2**

## निर्माणाधीन मकान से गिरने पर महिला की मौत

**रायपुर।** मुजगहन थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन शासकीय इंजीनियरिंग कालेज की तीसरी मंजिल से एक महिला मजदूर की गिरने से मौके पर ही मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार बेमेतरा निवासी ईश्वरी बाई (38) की मौत हुई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक महिला जोड़ाई का काम कर रही थी। इस दौरान उसका पैर फिसल गया और वह तीसरी मंजिल से गिर गई। सिर पर चोट लगने से गंभीर रूप से घायल महिला को साथी मजदूर अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## फैक्ट्री में चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** उरला थाने की पुलिस ने फैक्ट्री में मशीन के उपकरण, केबल तथा डेढ़ लाख रुपए के अन्य सामान चोरी के आरोप में तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। गायत्री इंडस्ट्रीज में चोरी के आरोप में पुलिस ने किशोर चतुर्वेदी, चंदन टंडन तथा अजय रात्रे को गिरफ्तार किया है। शातिरों ने मंगलवार को चोरी की थी। सीसीटीवी फूटेज के आधर पर चोरों की पहचान कर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

**कार्यालय कलेक्टर (आबकारी) जिला- जशपुर (छ.ग.)**

**शासन द्वारा शराब बिक्री हेतु दुकान / भवन को भाड़े पर लिए जाने बाबत लघु निविदा सूचना**

दिनांक 19.11.2025

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि छ.ग. राज्य शासन के सार्वजनिक उपक्रम ''छत्तीसगढ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड'' के द्वारा जिला जशपुर के ग्राम-दोकडा, ग्रा.प.-दोकडा, तह.- कांसाबेल, जिला- जशपुर (छ.ग.) में नवीन मदिरा दुकान खोले जाने हेतु किराये पर दुकान/भवन की आवश्यकता है। अतः उक्त ग्राम के भौगोलिक सीमा में सामान्य प्रयुक्त नियमों के अंतर्गत आपत्तिरहित स्थल पर किराये पर दुकान /भवन लेने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा की शर्तें एवं निविदा फार्म जिला आबकारी कार्यालय सह जिला प्रबंधक सी.एस.एम.सी.एल. जिला- जशपुर से कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 27.11.2025 समय दोपहर 02.30 बजे तक है।

कलेक्टर
जिला- जशपुर (छ.ग.)

G 252604929/2

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (वि/यॉं) संभाग रायगढ़ (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक-1973/NIT-14/2025-2026/ व ले लि दिनांक: 19/11/2025

निविदा प्रपत्र कय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 09.12.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 16.12.2025 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 17.12.2025 पूर्वान्ह 11.30 बजे से
निविदा प्रपत्र की कीमत :- 750/- रूपये निविदाकारों की श्रेणी :- ई पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी

| एनआईटी क्र. निविदा | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 14 T0134 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोड़ी-उपरोड़ा के अम्लीकुण्डा में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0135 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोडी उपरोड़ा के पचरा में उपरवारथ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0136 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोडी उपरोड़ा के पशान में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0137 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा के नगोई बछेरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0138 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत हरदीबाजार के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.32 | 3320.00 |
| 14 T0139 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत पसान के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.44 | 3440.00 |
| 14 T0140 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत करतला के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.29 | 3290.00 |
| 14 T0141 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत गैरामा के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.16 | 3160.00 |
| 14 T0142 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोडी उपरोड़ा के सेगरा में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0143 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोडी उपरोड़ा के कर्री में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0144 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक पोडी उपरोड़ा के सुतर्रा में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0145 | उपसंभाग कोरबा के ब्लॉक कटघोरा के बाकी बस्ती में उपस्वास्थ्य केन्द्र एवं क्वार्टर में विद्युतीकरण कार्य (जमा मद) | 3.40 | 3400.00 |
| 14 T0146 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत पाली के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.50 | 3500.00 |
| 14 T0147 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत बरपाली के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.42 | 3420.00 |
| 14 T0148 | जिला कोरबा के वि/यां उपसंभाग कोरबा अंतर्गत रामपुर के गैर आवासीय भवनों का विद्युतीकरण मरम्मत कार्य | 3.13 | 3130.00 |

नोट - 1. निविदा आमंत्रण में दर्शाये गये कार्य अनुसार पृथक-पृथक कार्य हेतु अमानत राशि पृथक प्रस्तुत करना होगा। 2. निविदा फार्म का लिफाफा 2 एवं अमानत राशि हेतु लिफाफा-3 को एक बडे लिफाफा 1 के अंदर निविदा सूचना कमांक एवं ग्रुप कमांक डाल कर पंजीकृत डाक से प्रस्तुत करना होगा। अलग अलग कार्य हेतु अलग अलग लिफाफा प्रस्तुत करना होगा, अन्यथा निविदा खोली नहीं जावेगी। 3. निविदा फार्म के साथ अमानत राशि (टी.डी.आर./एफ.डी.आर) के लिफाफा के अंदर 100/- का शपथ पत्र डालना अनिवार्य है। 4. आवेदन के साथ निम्न निखित दस्तावेजों की स्व सत्यापित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य होगा। a) वैध ई पंजीयन प्रमाण-पत्र की प्रति b) वैध बैंक साल्वेंसी C) विगत 03 वर्ष का आयकर रिटर्न d) आयकर पेन नंबर (PAN No.) की छायाप्रति e) जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं 3B रिटर्न की छायाप्रति
1) वैध विद्युत ठेकेदारी लाइसेंस g) कर्मचारी भविष्य निधि पंजीयन की छायाप्रति एवं पिछले 3 माह की चालान की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (वि./यां.), संभाग रायगढ़ (छ.ग.)

जी. 252604921/2

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** — मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** — आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती हैं।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** — किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## एक्सीडेंट के बाद मारपीट

**रायपुर।** एक्सीडेंट के बाद मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बालोद निवासी रानिल विजय सिंह की शिकायत पर पुलिस ने पंडरी निवासी अनीष वर्मा, विधानसभा निवासी शैलेन्द्र सिंह तथा दो अन्य नाबालिक को गिरफ्तार किया है। रानिल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि सोमवार को वह अपने दोस्त के साथ साइंस सेंटर के पास चाय पीने के लिए जा रहा था। इस दौरान शैलेद्र तथा उसके साथी ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार कार चलाते हुए रानिल की दोपहिया को ठोकर मार दी। रानिल के साथी ने कार ठीक से चलाने कहा। इस बात से नाराज होकर शैलेंद्र तथा उसके साथियों ने दोपहिया में तोड़फोड़ कर रानिल तथा उसके साथियों के साथ मारपीट की।

## शब्द पहेली - 6054



**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

**शब्द पहेली- 6053 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6064

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6063 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# भारत और अमेरिका की भिड़ंत के साथ 15 जनवरी से शुरू होगा अंडर-19 विश्व कप क्रिकेट

## 6 फरवरी को फाइनल, 16 देशों की टीमें लेंगी भाग, आईसीसी ने जारी किया शेड्यूल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पुरुषों का अंडर-19 विश्व कप का अगला संस्करण 15 जनवरी, 2026 से शुरू होगा। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने विश्व कप के 16वें संस्करण के लिए शेड्यूल की घोषणा की है। आईसीसी के कार्यक्रम के अनुसार, 6 फरवरी को इसका फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। बता दें कि जिम्बाब्वे और नामीबिया में आयोजित होने वाले अगले संस्करण में कुल 16 टीमें भाग लेंगी। फाइनल मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में होगा।

### ग्रुप-ए में मौजूद है भारतीय टीम




अंडर-19 विश्व कप के लिए 16 टीमों को 4-4 टीमों के ग्रुपों में बांटा गया है। ग्रुप-ए में भारतीय टीम मौजूद है, जिसमें बांग्लादेश, अमेरिका और न्यूजीलैंड अन्य टीमें हैं। इसी तरफ ग्रुप-बी में जिम्बाब्वे, पाकिस्तान, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड शामिल हैं। ग्रुप-सी में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, जापान और श्रीलंका है। ग्रुप-डी में तंजानिया, वेस्टइंडीज, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका टीमों को शामिल किया गया है।

### 15 जनवरी को अपना पहला मैच खेलेगी भारतीय टीम

15 जनवरी: अमेरिका बनाम भारत, बुलावायो।
15 जनवरी: जिम्बाब्वे बनाम स्कॉटलैंड, हरारे।
15 जनवरी: तंजानिया बनाम वेस्टइंडीज, विंडहुक।
16 जनवरी : पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड, हरारे।
16 जनवरी: ऑस्ट्रेलिया बनाम आयरलैंड, विंडहुक।
16 जनवरी: अफगानिस्तान बनाम दक्षिण अफ्रीका, विंडहुक।
17 जनवरी: भारत बनाम बांग्लादेश, बुलावायो।
17 जनवरी: जापान बनाम श्रीलंका, विंडहुक।
18 जनवरी: न्यूजीलैंड बनाम अमेरिका, बुलावायो।
18 जनवरी: इंग्लैंड बनाम जिम्बाब्वे, हरारे।
18 जनवरी: वेस्टइंडीज बनाम अफगानिस्तान, विंडहुक।

### ऐसा है 19 से 23 जनवरी का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 19 जनवरी | : पाकिस्तान बनाम स्कॉटलैंड, हरारे। |
| 19 जनवरी | : श्रीलंका बनाम आयरलैंड, विंडहुक। |
| 19 जनवरी | : द.अफ्रीका बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 20 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड, बुलावायो। |
| 20 जनवरी | : ऑस्ट्रेलिया बनाम जापान, विंडहुक। |
| 21 जनवरी | : इंग्लैंड बनाम स्कॉटलैंड। |
| 21 जनवरी | : अफगानिस्तान बनाम तंजानिया, विंडहुक। |
| 22 जनवरी | : जिम्बाब्वे बनाम पाकिस्तान, हरारे। |
| 22 जनवरी | : आयरलैंड बनाम जापान। |
| 22 जनवरी | : वेस्टइंडीज बनाम द. अफ्रीका, विंडहुक। |
| 23 जनवरी | : बांग्लादेश बनाम अमेरिका। |
| 23 जनवरी | : श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलिया। |
| 24 जनवरी | : भारत बनाम न्यूजीलैंड। |
| 24 जनवरी | : ए4 बनाम डी4 |

### ऐसा है सुपर-6 का निर्धारित कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| 25 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी3 |
| 25 जनवरी | : सुपर-6 डी2 बनाम ए3 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी4 बनाम सी4 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 सी1 बनाम बी2 |
| 26 जनवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम ए2 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी2 बनाम बी3 |
| 27 जनवरी | : सुपर-6 सी3 बनाम बी1 |
| 28 जनवरी | : सुपर-6 ए1 बनाम डी2 |
| 29 जनवरी | : सुपर-6 डी3 बनाम ए2 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 डी1 बनाम ए3 |
| 30 जनवरी | : सुपर-6 बी3 बनाम सी1 |
| 31 जनवरी | : सुपर-6 बनाम सी3 |
| 01 फरवरी | : सुपर-6 बी1 बनाम सी2 |

## खबर संक्षेप



### अजहर अली ने पाकिस्तान की चयन समिति छोड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट कप्तान अजहर अली ने राष्ट्रीय चयन समिति से इस्तीफा दे दिया है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के युवा विकास विभाग के प्रमुख का पद भी छोड़ दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को इस्तीफा सौंप दिया। इससे पहले पूर्व टेस्ट कप्तान सरफराज अहमद को पाकिस्तान शाहींस और अंडर 19 टीमों की पूरी जिम्मेदारी सौंप दी गई।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रकरण क्रमांक 78/ब-121/2024-2025
आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुरतहसील व जिला रायपुर( छ.ग. )
विरूद्ध
अनावेदकगण- 1. सुरेन्द्र कुमार पिता श्री नारायण सिंह 2. श्री राजू रामटेके पिता श्री नारायण सिंह 3. श्रीमती गौरी भोयर पति श्री सुरेन्द्र कुमार, दोनों निवासी- शुभम विहार, चलमरी बेक, फर्टीलाईजरके पास, एसईसीआर रेल्वे, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छग)
अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका रायपुर, तहसील व जिला रायपुर( छ.ग. ) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा- 14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर, मौजा- सिरगिट्टी, प.ह.नं. 41, रा. नि.मं. सिरगिट्टी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 676/15 का भाग, रकबा 1500 वर्गफीट, प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु 08 दिसम्बर 2025 के लिये नियत है। दिनांक 08 दिसम्बर 2025 को दिन के 03:30 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि 08 दिसम्बर 2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी। जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
आदेशानुसार - **जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर**
बिलासपुर, दिनांक - 10/11/2025

### द. अफ्रीका से एक टेस्ट में हार के बाद भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला

# गुवाहाटी टेस्ट कल से, पंत संभालेंगे टीम इंडिया की कमान, गिल का खेलना संदिग्ध

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

भारतीय क्रिकेट टीम गुवाहाटी में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शनिवार, 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए शुभमन गिल की चोट अभी भी चिंता का विषय बनी हुई है। हालांकि अब गिल अस्पताल से बाहर आ चुके हैं, लेकिन उनकी फिटनेस को लेकर दूसरे टेस्ट मैच में खेलना अभी तय नहीं है। बीसीसीआई ने यह भी जानकारी दी कि शुभमन गिल 19 नवंबर को टीम के साथ गुवाहाटी रवाना हो चुके हैं। मेडिकल टीम उनकी निगरानी जारी रखेगी और आज शुक्रवार को फिटनेस टेस्ट के बाद दूसरे टेस्ट में उनके खेलने का फैसला लिया जाएगा लेकिन फिलहाल गिल की टेस्ट में उपलब्धता अब भी अनिश्चित बनी हुई है। टीम की कमान विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को सौंपी गई है। वहीं युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को गिल की जगह मौका मिलने की उम्मीद है।



### एक टेस्ट हारने के बाद टीम इंडिया पर दबाव

साउथ अफ्रीका ने पहला टेस्ट 30 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। ऐसे में गुवाहाटी टेस्ट भारत के लिए करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैच से पहले टीम ने ईडन गार्डन्स में एक प्रैक्टिस भी करी गई, जिसमें साई सुदर्शन, ध्रुव जुरेल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल शामिल हुए। सभी खिलाड़ी जरूरत पड़ने पर खेलने के लिए तैयार हैं।

### गुवाहाटी टेस्ट में पहली बार शेड्यूल में बदलाव

इस टेस्ट मैच में एक और दिलचस्प बदलाव देखने को मिलेगा। टेस्ट क्रिकेट इतिहास में पहली बार लंच से पहले टी-ब्रेक रखा जाएगा। मैच रोज सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम 4 बजे तक खेल खत्म कर दिया जाएगा। टॉसः सुबह 8:30 बजे। पहला सत्रः 9:00 एएम से 11:00 एएम। टी-ब्रेकः 11:00 से 11:20। दूसरा सत्रः 11:20 से 1:20। लंच ब्रेकः 1:20 पीएम से 2:00 पीएम। तीसरा सत्रः 2:00 से 4:00 बजे तक।

### निशानेबाजी

# माहित ने निशानेबाजी में जीते तीन पदक



एजेंसी ▶▶| तोक्यो

भारतीय राइफल निशानेबाज माहित संधू ने यहां 25वें बधिर ओलंपिक की 50 मीटर प्रोन स्पर्धा में क्वालीफिकेशन में विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ रजत पदक जीता जो प्रतियोगिता में उनका तीसरा पदक है। माहित ने फाइनल में 246.1 अंक के साथ रजत पदक अपने नाम किया जबकि चेक गणराज्य की एलिस्का स्वोबोडोवा ने 247.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता। हंगरी की मीरा सुजसाना बियातोवस्की ने 225.0 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। माहित ने इससे पहले 10 मीटर मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण और 10 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीता। भारत ने तोक्यो में निशानेबाजी में अब तक 12 पदक जीते हैं जिसमें से माहित के नाम तीन पदक हैं। फाइनल में जगह बनाने वाली भारत की नताशा जोशी शूट आउट में पिछड़ने के बाद आठवें स्थान पर रहीं।

### आस्ट्रिया को हराकर इटली डेविस कप सेमीफाइनल में

**बोलोगना।** दो बार की गत चैम्पियन इटली ने आस्ट्रिया को 2-0 से हराकर डेविस कप टेनिस सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना बेल्जियम से होगा। इटली के लिये फ्लावियो कोबोली ने फिलिप मिसोलिच को 6-1, 6-3 से हराकर दूसरा मुकाबला जीता। इससे पहल मात्तेओ बेरेतिनी ने जुरिज रोडियोनोव को 6-3, 7-6 से मात दी थी। इटली लगातार 12 डेविस कप मुकाबला जीत चुका है। आखिरी बार उसे 2023 में कनाडा ने ग्रुप चरण में हराया था। अन्य मुकाबलों में स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा जबकि जर्मनी की टक्कर अर्जेंटीना से होगी।

### गोल्फर दीक्षा ने बधिर ओलंपिक में जीता स्वर्ण


**तोक्यो।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने आखिरी दौर में 11 अंडर स्कोर करके बृहस्पतिवार को बधिर ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता। चौबीस वर्ष की दीक्षा ने 2017 बधिर ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करके रजत पदक जीता था जब पहली बार खेलों में गोल्फ को शामिल किया गया था। तोक्यो ओलंपिक में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ महासंघ से खेलने का अचानक न्योता पाने वाली दीक्षा ने 54 होल में 26 अंडर स्कोर किया। फ्रांस की मारग्यू ब्रेजो को रजत और कनाडा की एरिका डान रिवार्ड को कांस्य पदक मिला।

# आस्ट्रेलियाई ओपन बैडमिंटन : शेट्टी और लक्ष्य क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के युवा बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि सीनियर खिलाड़ी एच एस प्रणय हारकर बाहर हो गए।

शेट्टी और लक्ष्य अंतिम आठ के मुकाबले में आमने-सामने होंगे। शीर्ष वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी चीनी ताइपे के सू चिंग हेंग और वु गुआन शुन को 21-18, 21- 11 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गए।



### लक्ष्य ने चीनी ताइपे के ची यू जेन को हराया

सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में फजर अल्फियान और मोहम्मद शोहीबुल फिकरी की इंडोनेशिया की पांचवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे। योनेक्स अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के विजेता शेट्टी ने चौथी वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नराओका को 21-17, 21-16 से हराया। लक्ष्य ने कड़े प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में चीनी ताइपे के ची यू जेन को 63 मिनट में 21-17, 13-21, 21-13 से हराया।

### बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम का दिसंबर में होने वाला भारत दौरा स्थगित




**ढाका।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ दिसंबर में 3 वनडे और तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम के प्रस्तावित भारत दौरे को स्थगित कर दिया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को इस खबर की पुष्टि की है।

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रकरण क्रमांक 74/ब-121/2024-2025
आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुरतहसील व जिला रायपुर( छ.ग. )
विरूद्ध
अनावेदकगण- 1. राम कुमार कौशिक पिता स्व. कमोद सिंह 2. श्रीमती शारदा गहवई पति राम कुमार कौशिक, दोनों निवासी- म.नं. 99, कुर्मी पारा, देवतरा, तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर (छग)
अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका रायपुर, तहसील व जिला रायपुर( छ.ग. ) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा- 14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर, मौजा- तखतपुर, प.ह.नं. 28, रा.नि.मं. व तहसील तखतपुर, जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 227/8, 228/12, रकबा 1200 वर्गफीट, प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु 08 दिसम्बर 2025 के लिये नियत है। दिनांक 08 दिसम्बर 2025 को दिन के 03:30 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि 08 दिसम्बर 2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी। जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
आदेशानुसार - **जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर**
बिलासपुर, दिनांक - 10/11/2025

**न्यायालय जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
प्रकरण क्रमांक 79/ब-121/2024-2025
आवेदक- हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका, रायपुरतहसील व जिला रायपुर( छ.ग. )
विरूद्ध
अनावेदकगण- 1. शैलेश चरण पिता श्री बरनाबास मशी चरण 2. श्रीमती रेखा चरण पति शैलेश चरण, दोनों निवासी- भगत कंवर राम वार्ड नं.04, बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छग)
अनावेदकगण के विरूद्ध इस न्यायालय में आवेदक हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड, शाखा कार्यालय पुजारी चेम्बर्स, पचपेड़ी नाका रायपुर, तहसील व जिला रायपुर( छ.ग. ) द्वारा आवेदन पत्र वास्ते धारा- 14 वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 प्रस्तुत कर, मौजा- मंगला, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. सरकण्डा तहसील व जिला बिलासपुर स्थित खसरा नं. 148/25, ब्लॉक शीट क्रं. 14, भूखण्ड क्रं. 08, रकबा 1100 वर्गफीट, प्रतिभूति आस्ति का आधिपत्य दिलाये जाने का निवेदन किया गया है। उपरोक्त प्रकरण सुनवाई हेतु 08 दिसम्बर 2025 के लिये नियत है। दिनांक 08 दिसम्बर 2025 को दिन के 03:30 बजे उक्त प्रकरण पर आपको उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिरी होने के लिये नोटिस प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें, तथा उन सभी दस्तावेज को पेश करने के लिये तैयार रहें, जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होगें तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए लंबित प्रकरण का निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। यदि किसी कारणवश पेशी तिथि 08 दिसम्बर 2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी। जिला दण्डाधिकारी, बिलासपुर के आदेशानुसार आज दिनांक 10.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
आदेशानुसार - **जिला मजिस्ट्रेट, बिलासपुर**
बिलासपुर, दिनांक - 10/11/2025

### चैंपियन वुहान जियांगदा ने 2 गोल से ईस्ट बंगाल को हराया



**वुहान (चीन)।** भारतीय क्लब ईस्ट बंगाल एफसी को बृहस्पतिवार को यहां एएफसी महिला चैंपियन्स लीग ग्रुप बी मैच में चीन के गत चैंपियन वुहान जियांगदा एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। मेजबान टीम की ओर से दोनों गोल पहले हाफ में वैंग शुआंग ने आठवें और 17वें मिनट में किए। पहले मैच में ईरान के बेम खातून एफसी को हराने वाली ईस्ट बंगाल एफसी की टीम क्वार्टर फाइनल में जगह बना सकती है लेकिन इसके लिए उसे सुनिश्चित करना होगा कि 23 नवंबर को उज्बेकिस्तान के पीएफसी नसफ के खिलाफ वह दो गोल से अधिक के अंतर से नहीं हारे।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)**
क्रमांक 7813/न.पा.नि./2025 रायगढ़ दिनाँक 20/11/25
**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सि.नि. क्र. | कार्य का विवरण | अनु लागत राशि रू. (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 180102 | EXTENSION OF PIPELINE FROM DHIMRAPUR CHOWK TO KOTRA ROAD ROB. | 470.41 | 12.12.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
**कार्यपालन अभियंता न.पा.नि., रायगढ़**

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का Honours Your Trust
**अंचल कार्यालय, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)**
ई-मेल : zoraipur.rec@ucobank.co.in
**स्वर्ण नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना दिनांक 10.12.2025**
निम्नलिखित व्यक्ति / व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि वे ऋण खातों में देय राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं। उन्हें पंजीकृत डाक द्वारा भेजा गया नोटिस उन्हें प्राप्त हो चुका है (अथवा) बैंक को पावती दिए बिना ही वापस कर दिया गया है। अतः उनसे अनुरोध है कि वे 09.12.2025 तक देनदारी और अन्य शुल्क चुका दें और गिरवी रखी गई प्रतिभूतियों को मुक्त करा लें। ऐसा न करने पर, उक्त प्रतिभूतियों को बैंक द्वारा नीलामी के माध्यम से उधारकर्ता की लागत पर 10.12.2025 या उसके बाद किसी अन्य सुविधाजनक तिथि पर, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, बैंक के पूर्ण विवेक पर, वसूली के लिए बेच दिया जाएगा।

| शाखा नाम | ग्राहक का नाम | एकाउंट नंबर | बकाया राशि (ब्याज सहित) | नेट भार |
|---|---|---|---|---|
| जगदलपुर | कृष्ण कुमार नाग | 25790610034019 | रु. 39500.00 + ब्याज व अन्य खर्चे | 9.50 ग्राम |
| बैकुण्ठपुर | प्रदीप कुमार | 24800610012147 | रु. 44028.34 + ब्याज व अन्य खर्चे | 9.84 ग्राम |
| बैकुण्ठपुर | नेहा गुप्ता | 24800610012239 | रु. 273172.69 + ब्याज व अन्य खर्चे | 49.80 ग्राम |

नीलामी 10.12.2025 को भारतीय मानक समय के अनुसार सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक आयोजित की जाएगी। बोलीकर्ताओं को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले 25% अग्रिम राशि जमा करनी होगी। सफल बोलीकर्ता को नीलामी के अगले कार्यदिवस के भीतर पूरी बोली राशि जमा करनी होगी। शाखा प्रबंधक को बिना कोई कारण बताए बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने या नीलामी प्रक्रिया को स्थगित / रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।
दिनांक : 21.11.2025, स्थान - रायपुर, छत्तीसगढ़ प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय, नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर, रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**
क्र. 2336/लो.नि.वि/न.प./2025 किरोड़ीमलनगर दिनांक 19/11/2025
**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना**
नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में उनमुक्त खेल मैदान निर्माण कार्य, हेतु लोक निर्माण विभागो में पंजीकृत ''सी'' श्रेणी व उससे उपर के क्लास के ठेकेदार हो, उनसे निविदा प्रपत्र 'ए, बी, सी,' में निम्नानुसार ऑनलाईन (Online) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 180068 | नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर में उनमुक्त खेल मैदान निर्माण। | 186.29 लाख | 15/12/2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, एवं निकाय के स्थापना शाखा/लोक निर्माण में कार्यालयीन दिवस में देखी जा सकती है।
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत किरोड़ीमलनगर**

**छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्यादित**
मुख्यालय का पताः- मछली पालन विभाग परिसर, तेलीबांधा थाने के पास, तेलीबांधा, रायपुर, पो.आ. रविग्राम पिन कोड- 492006,
फोन 0771-4267693, Email: cgmatsyamahasangh@gmail.com
क्रमांक 793/ममसं/तक./जला./2025-26 रायपुर, दिनांक 19.11.2025
**मत्स्य पालन हेतु लीज पर जलाशय आबंटन बाबत्**
**संक्षिप्त निविदा सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. राज्य सहकारी मत्स्य महासंघ मर्या., रायपुर के अधीनस्थ निम्नलिखित जलाशयों को अनुबंध निष्पादन की तिथि से दिनांक 15 जून 2035 तक (दस फिशिंग वर्ष) की समयावधि के लिए मत्स्य पालन,मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय कार्य हेतु लीज पर आबंटित किये जाने बाबत् निविदाएं वित्तीय रूप से सक्षम पंजीकृत मत्स्य सहकारी समिति / पंजीकृत व्यवसायिक संस्था / कंपनी / फर्म / समूह / व्यक्ति से दिनांक 23 दिसम्बर 2025 अपरान्ह 3.00 बजे तक मत्स्य महासंघ मुख्यालय में निर्धारित प्रपत्र पर सील बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है, तदुपरांत प्राप्त निविदाओं को अपरान्ह 4.00 बजे उपस्थित निविदाकार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | जलाशय का नाम | औसत जलक्षेत्र (हे.) | प्रारंभिक वार्षिक लीज राशि का ऑफसेट मूल्य (रु. लाख में) | अमानत राशि (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गोंदली, जिला- बालोद | 1,118.00 | 20.05 | 1.81 |
| 2. | दर्री (हसदेव बैराज), जिला- कोरबा | 1,333.75 | 3.70 | 0.34 |

इच्छुक निविदादाता निविदा के संबंध में विस्तृत विवरण, शर्तों आदि की जानकारी एवं कोरे निविदा प्रपत्र राशि रु. 3,000/- (तीन हजार रु.) + GST नगद भुगतान कर मत्स्य महासंघ मुख्यालय से दिनांक 22 दिसम्बर 2025 तक कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते हैं।
प्रबंध संचालक




# अब यहां पर 64 दिनों तक नहीं उगेगा सूरज, 22 जनवरी तक रहेगी रात

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सबसे उत्तरी इलाके अलास्का में बसे उटकियागविक में मंगलवार को साल 2025 का आखिरी सूर्यास्त हो चुका है। अब इस पूरे क्षेत्र में ध्रुवीय रात रहेगी। इसका मतलब है कि अगले 64 दिनों तक सूरज क्षितिज से नीचे ही रहेगा यानी सूरज नहीं निकलेगा। उटकियागविक में लोगों को अब 22 जनवरी 2026 तक सूरज नजर नहीं आएगा। इसकी वजह यह है कि धरती अपनी धुरी पर झुकी हुई है और यह जगह आर्कटिक वृत के ऊपर है। अमेरिका के उत्तर में बसे होने के कारण इस शहर में हर साल ऐसा होता है।

### पोलर नाइट क्या होती है?

पोलर नाइट का मतलब होता है ध्रुवीय रात। इस समय सूरज क्षितिज से ऊपर नहीं आता और पूरा दिन अंधेरा रहता है। उटकियागविक को पहले बारो नाम से जाना जाता था, जो आर्कटिक सर्कल के अंदर है। पृथ्वी की झुकाव के कारण सूरज कई दिनों तक नहीं नजर आता है। इस साल 18 नवंबर को दोपहर 1:36 बजे सूरज डूबा और अब 22 जनवरी 2026 को ही निकलेगा। यह अवधि ठीक 64-65 दिनों की है।




### सूरज क्यों नहीं निकलता है?

पृथ्वी अपनी धुरी पर 23.5 डिग्री झुकी है। सर्दियों के मौसम में उत्तरी ध्रुव सूरज से दूर हो जाता है, जिसके कारण आर्कटिक इलाकों में सूरज नहीं पहुंचता है। गर्मियों में ठीक उल्टा होता है, तब पोलर डे आता है, जब सूरज कभी नहीं डूबता। उटकियागविक में मई से अगस्त तक 80-85 दिनों तक लगातार सूरज नहीं डूबता है और दिन रहता है।

### यहां शोध करते हैं वैज्ञानिक

अमेरिका के उत्तर में उटकियागविक बसा हुआ है। जहां हर साल सर्दियों में करीब 64 से 65 दिनों के लिए सूरज नहीं उगता है। पहले इसे बारो के नाम से जाना जाता था, लेकिन 2016 में नाम बदला गया। वैज्ञानिक यहां आर्कटिक शोध करते हैं, जैसे जलवायु परिवर्तन का अध्ययन। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से यहां की बर्फ पिघल रही है, जिससे पोलर नाइट प्रभावित हो सकता है।



## राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत



**अंबिकापुर।** जनजातीय गौरव दिवस के समारोह में शामिल होने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु गुरुवार को सरगुजा पहुंचीं। राष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने भी किया।

## चार पैर वाले मुर्गे को देखने के लिए उमड़ी भीड़

**नई दिल्ली।** पुणे के शिरुर तालुका के शिक्रापुर में एक चार पैरों वाला मुर्गा मिलने से हर कोई हैरान है। यह दुर्लभ मुर्गा सिकंदर शेख की चिकन की दुकान में देखा गया। इसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है। चर्चा है कि यह एक असामान्य प्रजाति है। दुनिया में कई अजीबोगरीब और अनोखी घटनाएं घटती रहती हैं। ऐसी ही एक विचित्र घटना पुणे के शिरुर तालुका में घटी है।







## इंडोनेशिया में फटा ज्वालामुखी, आसमान में 13 किमी तक उड़ी राख

**जकार्ता।** इंडोनेशिया ने माउंट सेमेरू ज्वालामुखी में भयानक विस्फोट हुए हैं। इसके बाद हाई-लेवल अलर्ट जारी किया गया है। प्रशासन ने कई गांवों को खाली करा दिया है और लोगों को सावधानी बरतने की चेतावनी दी है। खतरे का क्षेत्र को अब सभी



दिशाओं में 8 किलोमीटर तक बढ़ा दिया गया है, जबकि दक्षिण-पूर्व दिशा में 20 किलोमीटर तक किया गया है। इडोनेशिया की जियोलॉजिकल एजेंसी ने बताया है कि टूरिस्ट डेस्टिनेशन बाली से करीब 310 किलोमीटर पश्चिम में पूर्वी जावा में मौजूद माउंट सेमेरू में स्थानीय समय के हिसाब से दोपहर करीब 2 बजे फट गया।

### 170 पर्वतारोहियों को सुरक्षित बचाया

ज्वालामुखी में विस्फोट से गर्म लावा और राख की तेज बहाव निकली। इसने निगरानी के उपकरणों को नष्ट कर दिया। सुपित उरंग जैसे गांवों तक पहुंच गई। राख की बारिश से आसपास के इलाकों में अंधेरा छा गया। इससे 900 से अधिक लोगों ने निकाला गया है। प्रशासन ने 170 फंसे हुए पर्वतारोहियों को भी सुरक्षित बचाया।




## घर संभालने के लिए कपल ने रखा होम मैनेजर, हर महीने देता है 1 लाख रुपए सैलरी

**मुंबई।** मुंबई के रहने वाले आईआईटी ग्रेजुएट कपल अमन गोयल और उनकी पत्नी हर्षिता श्रीवास्तव ने घर के कामों से परेशान होकर एक ऐसा कदम उठाया, जिसने सभी का ध्यान खींच लिया। दोनों की जिम्मेदारियां इतनी बढ़ गई थीं कि घरेलू काम संभालना मुश्किल होने लगा था। इसी वजह से उन्होंने एक प्रोफेशनल होम मैनेजर को 1 लाख रुपए प्रति माह की सैलरी पर नियुक्त किया। अमन (आईआईटी बाम्बे) और हर्षिता (आईआईटी कानपुर) अपनी प्रोफेशनल जिंदगी में इतना व्यस्त रहते हैं कि घर के रोजमर्रा के काम उनके लिए तनाव का कारण बन गए थ। इसलिए उन्होंने खाना प्लान करने, कपड़ों की धुलाई, घर की देखभाल और मेंटेनेंस जैसे सभी कामों को एक विशेषज्ञ के हवाले कर दिया। अमन ने बताया, 'हमने एक होम मैनेजर रखा है, जो सब कुछ संभालता है। इससे अब हमें ग्रेलैब्स को बनाने पर पूरा फोकस मिलता है। होम मैनेजर पहले एक होटल चेन में ऑपरेशंस हेड रह चुका है। अब वही प्रोफेशनल घरेलू स्तर पर काम कर रहा है सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक। वह घर की हर जरूरत को प्लान करता है, कामों को बांटता है और हर चीज को स्मूद तरीके से चलाता है। इस व्यवस्था से कपल के साथ-साथ उनके साथ रहने वाले बुजुर्ग माता-पिता को भी राहत मिली है। अमन कहते हैं, 'मैं अपने माता-पिता पर बोझ नहीं डालना चाहता। वे आराम से अपनी जिंदगी जी सकें, यात्रा कर सकें। यह मेरे लिए ज्यादा जरूरी है।'




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादकः प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com